दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 177
कोटद्वार गुरूवार
27 अक्टूबर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक
# जयन्त
निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## स्वर्णमंडित हुई केदारनाथ धाम के गर्भगृह की दीवारें

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम के गृभगृह की दीवारें स्वर्णमंडित हुईं हैं। गर्भगृह की दीवारें को 550 सोने की परतों से भव्य रूप दिया गया है। स्वर्णमंडित कार्य के दौरान विशेषतौर से सावधानी रखी जा रही है। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के प्रमुख अजेंद्र अजय ने बताया कि केदारनाथ धाम के गर्भगृह की दीवारों और छत को तीन दिन में 19 कारीगरों द्वारा 550 परतों में भव्य रूप दिया गया है। आईआईटी रुड़की, केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, रुड़की और एएसआई की 6 सदस्यीय टीम ने धाम का निरीक्षण भी किया है।

## भालू के हमले में दो नेपाली मजदूर घायल

**नई टिहरी।** बूढ़ाकेदार क्षेत्र के विशन गांव से मंदिर का सामान ले जा रहे दो नेपाली मजदूरों पर भालू ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घायल मजदूरों को ग्रामीणों की मदद से सीएचसी बेलेश्वर में भर्ती करवाया गया है,जहां दोनों का उपचार चल रहा है। बुधवार सुबह करीब साढ़े छह बजे नेपाली मजदूर प्रकाश बोरा तथा दुर्गा मगर विशन गांव से बोल्या देवता के मंदिर में सामान ले जा रहे थे, कि डोल चौकी तोके के पास झाड़ियों में छिपे भालू ने नेपाली मजदूरों पर अचानक हमला कर दिया। भालू के हमले में दोनों मजदूर घायल हो गये। दोनों मजदूरों के चीखने और चिल्लाने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक भालू भाग चुका था। ग्रामीण दोनों घायलों को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेलेश्वर चमियाला ले गये। स्वास्थ्य केंद्र में डक्टरों द्वारा दोनों मजदूरों का उपचार किया जा रहा है। सीएचसी के डक्टर राजकुमार ने बताया कि भालू के हमले में मजदूरों के हाथों में जख्म हो गये हैं। ग्राम प्रधान सविता देवी ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा कई बार क्षेत्र में भालू को देखा गया है। जिसके कारण ग्रामीणों में दहशत है। उन्होंने वन विभाग से भालू को पकड़ने की मांग की है। उधर रेंज अधिकारी प्रदीप चौहान ने बताया कि भालू के हमले की सूचना मिलते ही मौके पर वन विभाग की टीम को रवाना किया गया है।

# शीतकाल के लिए बंद हुए गंगोत्री धाम के कपाट

**उत्तरकाशी।** विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट बुधवार को अन्नकूट पर्व पर विधिवत पूजा अर्चना के साथ 12रू01 बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। भैया दूज के अवसर पर केदारनाथ और यमुनोत्री धाम के कपाट 27 अक्तूबर को बंद होंगे, जबकि बदरीनाथ धाम के कपाट 19 नवंबर को श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद मां गंगा की उत्सव डोली शीतकालीन पड़ाव मुखीमठ (मुखबा) के लिए रवाना हुई। डोली गुरुवार को मुखबा पहुंचेगी। जिसके बाद श्रद्धालु आगामी छह माह तक मुखीमठ (मुखबा) में ही मां गंगा के दर्शन कर सकेंगे। बुधवार को गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने की तैयारी सुबह 9रूबजे शुरू हुई। सर्व प्रथम उदय बेला पर मां गंगा के मुकुट को उतारा गया।



इस बीच श्रद्धालुओं ने मां के भोग मूर्ति के दर्शन किए। इसके बाद अमृत बेला, स्वाती नक्षत्र प्रीतियोग शुभ लग्न पर ठीक 12रू01 पर गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ बंद किए गए। इस दौरान तीर्थ पुरोहितों ने विशेष पूजा व गंगा लहरी का पाठ किया। डोली में सवार होकर गंगा की भोगमूर्ति जैसे ही मंदिर परिसर से बाहर निकली तो पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा।

11 जैक लाई रेजिमेंट के बैंड की धुन और परंपरागत ढोल दमाऊ की थाप के साथ 12रू 5 पर तीर्थ पुरोहित गंगा की डोली को लेकर शीतकालीन प्रवास मुखबा गांव के लिए पैदल रवाना हुए। रात्रि विश्राम के लिए गंगा की डोली मुखबा से चार किमी पहले चंदोमति के देवी के मंदिर में पहुंचेगी। 27 अक्तूबर की सुबह मां गंगा की डोली चंदोमती माता मंदिर से मुखीमठ स्थित गंगा मंदिर में पहुंचेगी।

जहां आगामी छह माह तक मां गंगा की विधिवत पूजा अर्चना की जाएगी। इस मौके पर गंगोत्री विधायक सुरेश चौहानग़ंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश् सेमवाल, सचिव सुरेश सेमवाल, राजेश सेमवाल, पवन सेमवाल, हरीश सेमवाल सहित तीर्थ पुरोहित एवं देश-विदेश के सैंकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

## सांसद निशंक ने की परिजनों संग भगवान बदरीनाथ की पूजा

**चमोली।** पूर्व सीएम और हरिद्वार के सांसद डा. रमेश पोखरियाल निशंक ने परिजनों के साथ बुधवार को भगवान बदरी विशाल और बाबा केदार के दर्शन किए। पूर्व सीएम निशंक ने बुधवार को केदारनाथ और उसके बाद बदरीनाथ धाम के दर्शन किए। वे अपनी बेटियों आरुषी और विदुशी के साथ दोनों धामों की तीर्थयात्रा पर पहुंचे। उनके साथ दामाद अभिनव पंत, समधी विनोद पंत और समधन रानी पंत भी मौजूद थे। डा. निशंक बदरीनाथ और केदारनाथ की विभिन्न पूजाओं में शामिल हुए। बदरीनाथ धाम में भी डा.निशंक ने अपने परिजनों के साथ भगवान बदरीनाथ की पूजाओं में प्रतिभाग किया। उन्होंने लक्ष्मी मंदिर में भी पूजा की। मंदिर समिति ने हरिद्वार सांसद का स्वागत किया।

## आज बंद होंगे बाबा केदार के कपाट

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट गुरुवार सुबह 8 बजकर 30 मिनट पर बंद कर दिए जाएंगे। इस मौके पर भगवान की समाधि पूजा की जाएगी। जबकि परम्परानुसार कपाट बंद होने के बाद बाबा केदार की चल विग्रह डोली ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ के लिए प्रस्थान करेगी। भगवान केदारनाथ धाम के कपाट वैदिक मंत्रोचार और पूजा-अर्चना के बाद शीतकाल के लिए गुरुवार को बंद कर दिए जाएंगे। भैया दूज के मौके पर कपाट बंद करने को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। भगवान की चल विग्रह डोली अनेक पैदल पड़ावों से होते हुए शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ पहुंचेगी जहां बाबा की पूजा अर्चना कर मंदिर में डोली को विराजमान किया जाएगा। भगवान की पंचमुखी चल विग्रह डोली 27 अक्तूबर को फाटा पहुंचेगी। जहां रात्रि विश्राम के बाद 28 अक्तूबर को डोली गुप्तकाशी स्थित विश्वनाथ मंदिर पहुंचेगी। 29 अक्तूबर को केदारनाथ की डोली पंचकेदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ पहुंचेगी। यहां पूजा-अर्चना और परम्परा के अनुसार डोली को मंदिर में विराजमान किया जाएगा। इसी दिन से पंचकेदार गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में भगवान केदारनाथ की शीतकालीन पूजाएं शुरू होंगी। कपाट बंद के लिए बदरी-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय केदारनाथ में हैं।



अरविंद केजरीवाल के बयान पर बोले पुष्कर सिंह धामी

## नोट पर हो लक्ष्मी-गणेश की तस्वीर...

**देहरादून।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नोट वाले बयान पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के अंदर चाहे धर्म की बात हो या अर्थव्यवस्था की बात हो, सभी कार्य पूरी तरह से अभूतपूर्व है।

उनका कहना था कि जो भी जरूरी होगा सरकार उस दिशा में जरूर काम करेगी। सीएम धामी केजरीवाल पर सीधा निशाना लगाने से बचते नजर आए। लेकिन, भाजपा और कांग्रेस समेत कई दलों ने अरविंद केजरीवाल को निशाने पर लेने से भी नहीं चूके हैं। मालूम हो कि दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल के नोटों पर श्री गणेश और लक्ष्मी की तस्वीर लगाने की मांग पीएम मोदी से की है।केजरीवाल का कहना था कि इससे देश की अर्थव्यवस्था को सुधारने में मदद मिलेगी।



केजरीवाल के इस सुझाव के बाद विवाद भी बढ़ता जा रहा है। धामी का कहना है कि पूरे विश्वभर में भारत की अलग से पहचान बन रही है। विदेशों में भी भारत के देशवासी सुरक्षित महसूस करते हैं।

भारत की अर्थव्यवस्था पहले से बेहतर हुई है। सीएम धामी के अनुसार, देश के कई राज्यों में विकास की कई योजनाएं शुरू की गई हैं।

सीएम धामी ने कहा कि गरीब तबके के लोगों को ध्यान में रखकर विशेषकर कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कहा कि पीएम मोदी के हाल ही में हुए दौरे में उन्होंने केदारनाथ रोपे का भी शिलान्यास भी किया था।

### अरविंद केजरीवाल की केंद्र सरकार से अपील

# नोट पर गांधीजी के साथ हों लक्ष्मी गणेश के फोटो



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को प्रेस कन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार से एक अहम अपील की है। उन्होंने कहा कि भारतीय रुपये पर गांधीजी के साथ लक्ष्मी-गणेश की फोटो होनी चाहिए। इसे सुख समृद्धि आएगी और पूरे देश को उनका आशीर्वाद मिलेगा। उन्होंने कहा कि नए नोटों से इसकी शुरूआत की जा सकती है। इसके लिए वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखेंगे।

उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था बुरे दौर से गुजर रही है, डलर के मुकाबले रुपया कमजोर होता जा रहा है। आम आदमी पर इसका असर साफ नजर आ रहा है। इसकी मार आम आदमी को भुगतनी पड़ रही है। हम चाहते हैं कि भारत अमीर देश बने, लोग अमीर बने। इसके लिए हमें कई सारे कमद उठाने पड़ेंगे। हमें बड़ी तादाद में अस्पतालों का निर्माण करना है, स्कूल खोलने हैं। इंफ्रास्ट्रक्कर तैयार करना है।

केजरीवाल ने कहा कि हमारी कोशिश तभी कामयाब होगी जब हम पर भगवान का आशीर्वाद होगा। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा होता है कि काफी मेहनत करने के बाद भी कोई नतीजा नहीं आता। ऐसे में भगवान के आशीर्वाद की जरूरत होती है। जब देवी देवताओं का आशीर्वाद हो तो नतीजे आने लगते हैं।

## नोटों पर अल्लाह को भी शामिल करें...

### केजरीवाल के बयान पर भाजपा के बाद कांग्रेस की चुटकी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुजरात चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल ने नए विवाद को जन्म दिया है। नोटों पर भगवान गणेश व माता लक्ष्मी की फोटो की मांग पर भाजपा के बाद अब कांग्रेस ने भी उन पर तंज कसा है।

भाजपा ने जहां केजरीवाल के बयान को यू-टर्न की पराकाष्ठा बताया है तो वहीं अब कांग्रेस नेता सलमान सोज ने कहा है कि अगर नोटों पर भगवान गणेश व माता लक्ष्मी को शामिल करने से समृद्धि आ सकती है तो इसमें अल्लाह, जीसस, गुरु नानक आदि को भी शामिल करना चाहिए।

इसके अलावा कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने भी केजरीवाल पर निशाना साधा है और उन्हें भाजपा व आरएसएस की बी टीम करार दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा अरविंद केजरीवाल को किसी भी तरह की समझ नहीं है। यह उनकी वोटों की राजनीति है। अगर वह पाकिस्तान जाते हैं तो वोट लेने के लिए यह भी कह सकते हैं कि मैं पाकिस्तानी हूं, इसलिए मुझे वोट दें।



इससे पहले भाजपा ने भी केजरीवाल पर हमला किया था। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा था कि यह वही व्यक्ति है, जो हिंदू धर्म का अपमान करता है। अयोध्या जाने से इनकार करते हुए कहता है कि भगवान उनकी प्रार्थना स्वीकार नहीं करेंगे। स्वास्तिक का अपमान करता है और अब हिंदू धर्म पर यू-टर्न लेता है। दरअसल, केजरीवाल ने कहा था कि अगर हमारे करेंसी नोटों पर भगवान गणेश व माता लक्ष्मी की फोटो होगी तो हमारा देश तरक्की करेगा। मैं, इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री को एक-दो दिन में पत्र लिखूंगा।

## सूरजकुंड में आज से गृह मंत्रियों का चिंतन शिविर, सीएम पहुंचे दिल्ली

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हरियाणा राज्य के सूरजकुंड में बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे दो दिवसीय चिंतन शिविर में भाग लेने के लिए नई दिल्ली पहुंच गए हैं। चिंतन शिविर का उद्देश्य विजन 2047 की कार्ययोजना बनाना है। चिंतन शिविर में भाग लेने के लिए सभी राज्यों के गृह मंत्रियों, संघ शासित राज्यों के उप राज्यपाल और प्रशासकों को आमंत्रित किया गया है।

उत्तराखंड से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दोनों दिन चिंतन शिविर में मौजूद रहेंगे। राज्यों के गृह सचिवों, पुलिस महानिदेशक और केंद्रीय सशस्त्र बलों और केंद्रीय पुलिस संगठनों के महानिदेशक भी चिंतन शिविर में भागीदारी करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह चिंतन शिविर की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चिंतन शिविर को संबोधित करेंगे।



शिविर में साइबर अपराध प्रबंधन के लिए ईको-सिस्टम विकसित करने, पुलिस बलों के आधुनिकीकरण, आपराधिक न्याय प्रणाली में आईटी के बढ़ते उपयोग, भूमि सीमा प्रबंधन और तटीय सुरक्षा एवं अन्य आंतरिक सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चिंतन होगा। छह सत्रों में होने वाले इस शिविर के पहले दिन होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा, आग से सुरक्षा, शत्रु संपत्ति, दूसरे दिन साइबर सुरक्षा, मादक पदार्थों की तस्करी, महिला सुरक्षा और सीमा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी।उत्तराखंड में पिछले तीन सालों में साइबर क्राइम के मामलों में बढ़ोतरी हुई। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की नई रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य में 2019 में ऐसे 100 मामले रिकार्ड किए गए थे। 2020 में ऐसे मामले बढ़कर 243 और 2021 में 718 हो चुके हैं। जबकि हिमाचल राज्य में साइबर अपराध के मामलों में कमी आई है।

## होकर रहेगा परमाणु युद्ध? वार रूम में बैठकर यूक्रेन की तबाही का प्लान बना रहे पुतिन

**मास्को, एजेंसी।** रूस के हालिया एक्शन से प्रतीत हो रहा है कि दुनिया एक और परमाणु युद्ध के मुहाने पर खड़ी है। रूस ने यूक्रेन पर श्परमाणु हथियारश के जरिए उकसाने का आरोप लगाया है। इन आरोपों के बीच रूस ने एक दिन में यूक्रेन के 40 से अधिक गांवों को निशाना बनाया है। यूक्रेन के अधिकारियों ने बुधवार को यह दावा करते हुए कहा कि इन हमलों में दो लोगों की मौत हो गई और हवाई हमले के भय से लोग रात बंकरों में बिता रहे हैं। रूस ने जिस 'डर्टी बम' का जिक्र किया है वह एक ऐसा उपकरण है जो रेडियोधर्मी पदार्थों को बिखेरने में विस्फोटकों का इस्तेमाल करता है। यह बम परमाणु विस्फोट जितना विनाशकारी प्रभाव वाला नहीं होता, लेकिन यह रेडियोधर्मी संदूषण से एक बड़े क्षेत्र को प्रदूषित कर सकता है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने देश के सामरिक परमाणु बल के अभ्यास का बुधवार को निरीक्षण किया जिसमें बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के प्रक्षेपण आदि शामिल थे। क्रेमलिन ने ये जानकारी दी। यूक्रेन के साथ युद्ध को लेकर पश्चिमी देशों के साथ बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में रूस के इस अभ्यास को शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। रूस के रक्षा मंत्री सेर्गेई शोईगु ने पुतिन को बताया कि रूस पर परमाणु हमला होने की स्थिति में उसके (रूस) द्वारा ''बड़े पैमाने पर परमाणु हमला'' करने का अभ्यास किया गया।

गौरतलब है कि इस अभ्यास से पहले पुतिन ने रूसी सीमा पर हमलों के जवाब में ''हर संभव कदम उठाने'' के लिए तैयार होने की बात कही थी। इस बयान में पुतिन परोक्ष रूप से देश के परमाणु हथियारों के उपयोग की बात कर रहे थे। बुधवार को हुए इस अभ्यास में उत्तरी प्लेसेत्स्क प्रक्षेपण स्थल से जमीन से मार करने वाली अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल 'यार्स' का सफल परीक्षण हुआ।

अभियान के तहत, टीयू-95 बमवर्षकों ने अभ्यास वाले निशाने पर क्रूज मिसाइलों को दागा गया। क्रेमलिन ने एक बयान में कहा कि अभ्यास के लिए तय सभी लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए और दागी गई सभी मिसाइल निशाने पर लगी। जमीन, समुद्र और हवा में युद्ध करने की क्षमता रखने वाले रूसी



परमाणु बल द्वारा यह अभ्यास हर साल किया जाता है। इसका लक्ष्य देश के परमाणु बल का प्रशिक्षण और युद्ध के लिए उनकी तैयारी का प्रदर्शन करना है।

वहीं, अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने मंगलवार को कहा था कि रूस अपनी परमाणु क्षमता का अभ्यास करने के संबंध में उसे पहले ही नोटिस दे चुका है। पेंटागन और अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि भविष्य में होने वाले परीक्षणों के संबंध में अमेरिका को सूचित करने संबंधी अमेरिका-रूस हथियार नियंत्रण समझौते के प्रावधानों का रूस ने पालन किया है।

रूस का यह परमाणु अभ्यास यूक्रेन द्वारा रेडियोएक्टिव उपकरण 'डर्टी बम' विस्फोट करने के कथित प्रयासों को लेकर मास्को की चेतावनी के बीच हुआ है। खबरों के मुताबिक, यूक्रेन 'डर्टी बम' विस्फोट करके इसका दोष रूस पर मढ़ना चाहता था। यहां तक कि बुधवार को पुतिन ने खुद भी 'डर्टी बम' के दावे को दोहराया। वहीं, रक्षा मंत्री शोईगु ने बुधवार को चीन और भारत के रक्षा मंत्रियों को फोन करके उनसे इस पर चर्चा की। हालांकि, यूक्रेन और उसके पश्चिमी सहयोगियों ने इस आरोप को खारिज किया है। यूक्रेन की सरकार का कहना है कि उसे संदेह है कि रूस अपने ही फर्जी 'फ्लैग अपरेशन' की योजना बना रहा है।

## सीडब्लूसी भंग कर खड़गे ने बनाई नई कमेटी, सोनिया-राहुल शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के नए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पद संभालते ही ऐक्शन मोड में आ गए हैं। उन्होंने पार्टी की संचालन समिति की घोषणा कर दी है। इसमें कई बड़े नाम शामिल है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह को इस समिति में जगह दी गई है। जब तक नई कांग्रेस वर्किंग कमिटी का गठन नहीं होता तब तक संचालन समिति के जरिए ही पार्टी की गतिविधियां चलेंगी।

बता दें कि सीडब्लूसी कांग्रेस की सबसे बड़ी निर्णायक संस्था है लेकिन जब तक इसका गठन नहीं होगा सारे फैसले संचालन समिति के जरिए लिए जाएंगे। पार्टी के पूर्ण सत्र में सीडब्लूसी की घोषणा की जाएगी। पार्टी के संविधान के मुताबिक इसमें 11 सदस्य मनोनीत और 12 निर्वाचित होते हैं। बुधवार को सीडब्लूसी के सभी सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया था ताकि आसानी से नई समिति का गठन किया जा सके।

कांग्रेस की संचालन समिति में कुल 47 नेताओं को शामिल किया गया है। इसमें राहुल गांधी, सोनिया गांधी, ड. मनमोहन सिंह



के अलावा एके एंटनी, अभिषेक मनु सिंघवी, अजय माकन, अंबिका सोनी, आनंद शर्मा, अविनाश पांडेय. गाएखांगम, हरीश रावत, जयराम रमेश, जितेंद्र सिंह, कुमारी शैलजा, केसी वेणुगोपाल, मुकुल वासनिक, ओमेन चौंडी, प्रियंका गांधी, पी चिदंबरम, रणदीप सिंह सुरजेवाला, रघुबीर मीना, तारिक अनवर, ए चेल्ला कुमार, अधीर रंजन चौधरी, भक्त चरण दास, देवेंद्र यादव दिग्विजय सिंह, दिनेश गुंडु राव, हरीश चौधरी, एचके पाटिल, जय प्रकाश अग्रवाल, केएच मुनियप्पा, बी मानिकम टैगोर, मनीष चतरथ, मीरा कुमार, पीएल पुनिया, पवन कुमार बंसल, प्रमोद तिवारी, रंजनी पाटिल, रघु शर्मा, संजीव शुक्ला, सलमान खुर्शीद, शक्तिसिंह गोहिल, टी सुब्बिरामी रेड्डी, तारिक हामिद शामलि हैं।

कांग्रेस की संचालन समिती में आनंद शर्मा, मुकुल वासनिक जैसे कुछ गिने चुने नेताओं के अलावा जी 23 के नेताओं को जगह नहीं दी गई है।

# जारी रहा युवा न्यास संघर्ष समिति का धरना



ऋषिकेश। युवा न्यास संघर्ष समिति का कोयलघाटी में धरना 14वें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने अंकिता हत्याकांड के आरोपियों को फांसी दिलाने की मांग की। वरिष्ठ अधिवक्ता शीशराम कंसवाल ने धरने को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि कहीं भी अन्याय होना और उस अन्याय को सहन करना या चुप रहना भी जुर्म है। हमें हर अन्याय व जुर्म के खिलाफ आपस में एक जुट होकर संघर्ष करना चाहिए, ताकि अन्याय के खिलाफ सरकार को झुका सके। समिति के संयोजक मण्डल के सदस्य जितेन्द्र पाल पाठी और उषा चौहान ने कहा कि सरकार हमारे द्वारा चलाए जा रहे शांति पूर्वक धरने को नजर अंदाज कर रही है। इसलिए हमें अब धरने की रणनीति बदलनी पड़ेगी और हमें आंदोलन को तेज गति देनी पड़ेगी। इसके लिये जल्द ही क्रमिक अनशन शुरू किया जाएगा। मौके पर मीडिया प्रभारी संजय सिलस्वाल, जयेंद्र रमोला, प्रवीण जाटव, राहुल जखमोला, रामेश्वरी चौहान, जया डोभाल, गुड्डी डबराल, भगवती चमोली, स्वरूपी देवी, विमला, रविन्द्र कोर, राकेश कठेत, विनोद रतूड़ी, उमा डोबरारी, राम कंसवाल, उमेद सिंह नेगी, धर्म सिंह पंवार, सूरवीर सिंह चौहान, मदन सिंह राणा, एल पी रतूड़ी, संगीता चौहान, गुलाब सिंह रावत, विक्रम भंडारी, हरि सिंह नेगी, विमला बहुगुणा, जुगल किशोर बहुगुणा, संगीता उनियाल, संजय सिलस्वाल, जितार सिंह बिष्ट, युद्धवीर सिंह नेगी, हरि राम वर्मा, मोहन भंडारी, वींरेंद्र कुमार, प्रवीण असवाल, विजय सिंह, काजल, नीलम अनीता असवाल, सुरोजना, मनु रावत राजेंद्र गुसाईं, बीपी भारद्वाज, अशुतोष डंगवाल आदि मौजूद रहे।

### ग्वालियर पहुंची प्रगति से प्रकृति पथ यात्रा

देहरादून। पर्यावरणविद् डा. अनिल जोशी के नेतृत्व में प्रगति से प्रकृति पथ यात्रा 25वें दिन ग्वालियर मध्यप्रदेश पहुंच गई। यात्रा ने डाबरा से ग्वालियर तक 44 किलोमीटर की दूरी साइकिल से तय की। डा. जोशी ने बताया कि इस दौरान उन्होंने लोगों से अपने यात्रा के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि यात्रा एक अहम भूमिका निभा सकती है क्योंकि इसके जरिए हम देश के हर राज्य, हर गांव और कस्बे में बदलते स्वरूप को देख सकते हैं। अभी तक यात्रा के सफर में पाया गया कि पानी के प्रति लोगों में फिर भी जागरूकता बढ़ती जा रही है। मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में पानी को लेकर कई प्रयास हुए हैं जो सफल भी हुए हैं। हम अपने घर गांव में अपनी आवश्यकताओं के प्रति वनों को जरूर पनपाते हैं लेकिन बड़े रूप में वनों का जो योगदान संभव हो सकता है उसमें अभी भी कहीं बहुत भारी कमी दिखती है।

# 664 पदों पर शीघ्र होगी सीएचओ की भर्तीः डॉ. धन सिंह



देहरादून। प्रदेशभर में संचालित सभी वैलनेस सेंटरों पर आम लोगों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिये शीघ्र ही वेलनेस सेंटरों पर 664 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की तैनाती की जायेगी। जिसके निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी एक बयान में बताया कि प्रदेश भर के सभी वैलनेस सेंटरों पर और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। इसके लिये शीघ्र ही 664 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) की विभिन्न वैलनेस सेंटरों पर नियुक्ति की जायेगी। जिसके निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं। डॉ0 रावत ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश भर में सीएचओ के 1604 पद स्वीकृत हैं, जिसमें से 940 पदों पर सीएचओ कार्यरत हैं, जबकि 664 पद रिक्त हैं। जिसमें अल्मोड़ा जनपद में 88 पद, बागेश्वर में 23, चमोली में 26, चंपावत में 21, देहरादून में 26, हरिद्वार में 10, नैनीताल में 29, पौड़ी गढ़वाल में 125, पिथौरागढ़ में 104, रुद्रप्रयाग में 19, टिहरी गढ़वाल में 145, ऊधमसिंह नगर में 7 और उत्तरकाशी में 41 पद रिक्त हैं।विभागीय मंत्री ने कहा कि शासन ने सीएचओ के रिक्त 664 पदों पर भर्ती की जिम्मेदारी हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय को दी है, विश्वविद्यालय ने रिक्त पदों पर भर्ती के लिये विज्ञप्ति जारी कर दी है। शीघ्र ही विश्वविद्यालय चयनित अभ्यर्थियों की सूची विभाग को उपलब्ध करा देगा। डॉ0 रावत ने बताया कि राज्य सरकार का मकसद सूबे में मजबूत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है जिसके लिये सरकार निरंतर प्रयासरत है।

# बंदरों को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए



नई टिहरी। नरेन्द्रनगर में उत्पाती बंदरों से नगरवासियों को निजात दिलाने के लिये नगर पालिका की ओर से बंदरों को पकड़ने की नगर क्षेत्र में टीम तैनात की है। बंदरों को पकड़ने की नगर के लोग लंबे समय से मांग करते आ रहे हैं। बुधवार को नरेन्द्रनगर बाजार में पालिका की ओर से बंदरों को पकड़ने के लिये पिंजरे के साथ एक टीम तैनात की गई है।

नगर क्षेत्र उत्पाती बंदरों के आंतक से व्यापारी और स्थानीय निवासी परेशान थे। पालिकाध्यक्ष राजेंद्र विक्रम सिंह पंवार ने बताया कि नरेन्द्रनगर बाजार में बंदरों के आंतक से व्यापारी और स्थानीय लोग अत्याधिक परेशान थे, आये दिन बंदर लोगों के हाथों से सामान झपट्टा मार कर छीन लेते हैं, जिसके चलते लोग परेशानी हो रही थी। साथ ही बंदर दुकानों से सामान उठा कर भी ले जाते थे। बताया बंदरों को भगाने पर वह काट खाने दौड़ आते थे,जिसमें सबसे अधिक दिक्कत बच्चों और महिलाओं को होती है। पालिका अध्यक्ष ने बताया बंदरों को पकड़ने के लिये नगर के विभिन्न जगहों पर बंदरों को पकड़ने वाली टीम ने पिंजरे लगाये हैं,ताकि स्थानीय लोगों के साथ व्यापारियों को बंदरों के आंतक से निजात मिल सके।

### विधायक को बताई समस्याएं

चमोली। नगर पालिका में संचालित आईटीआई नए ट्रेड संचालित करने की मांग स्थानीय लोगों ने की है। वहीं नगर की आतंरिक सड़कों की मरम्मत करने की मांग की। नगर में नई पार्किंग निर्माण की मांग भी की गई। बुधवार को सुभाषनगर पहुंचे विधायक अनिल नौटियाल को लोगों ने समस्याएं बताई। स्थानीय एनपी डिमरी, कमलेश गैरोला, एलपी कुमेड़ी आदि ने कहा कि मुख्य बाजार से सुभाषनगर होते हुए आईटीआई को जोड़ने वाली सड़क बदहाल है। जिससे यहां दुर्घटनाओं की संभावना बनी है। वहीं सुभाषनगर में झूला पुल के पास लोगों ने पार्किंग निर्माण की मांग उठाई है। स्थानीय लोगों ने कहा कि नगर में संचालित दशकों पुरानी आईटीआई में अब तक नए ट्रेडों की स्वीकृति नहीं मिल पाई है।

# पतंजलि में धूमधाम से मनाया गया गौवर्धन पूजा व भाई दूज का पर्व



हरिद्वार । पतंजलि में गौवर्धन पूजा व भाई दूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर योग गुरू स्वामी रामदेव महाराज ने पतंजलि के कर्मयोगी भाई–बहनों व ब्रह्मचारी संन्यासी व साध्वियों को उदबोधन करते हुए कहा कि भाई–बहनों का पवित्र त्यौहार भाई दूज हमारी पारिवारिक पवित्रता के साथ सामाजिक उच्चता को भी दर्शाता है। आज परिवारों में विघटन व कटुता का जो वातावरण बन रहा है। उसे केवल सनातन परम्पराओं के पालन व त्यौहारों से जुड़कर ही रोका जा सकता है। आचार्य बालकृष्ण जी ने कहा कि गाय के दूध् से मनुष्य का जीवन स्वस्थ व पुष्ट होता है। इसलिए गौवर्धन पूजा के अवसर पर गायों की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि गायों की रक्षा से हम गायों के ऊपर एहसान नहीं करते अपितु हम अपने जीवन की रक्षा व जैविक कृषि द्वारा रोगमुक्त समाज के निर्माण के लिए अपने कर्तव्य का निर्वहन करते है। उन्होंने कहा कि पतंजलि योगपीठ द्वारा विषमुक्त कृषि, नैसर्गिक कृषि, प्राकृतिक खेती के लिए अनेक प्रयोग किये जा रहे हैं। जिससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि के साथ लोगों को शुद्ध अन्न, फल व सब्जियाँ मिल रही हैं। गौ आधरित कृषि से न केवल देश समृद्धशाली बनेगा अपितु निरोग व स्वस्थ भी होगा। इसके लिए पतंजलि भारतीय नस्लों की गायों को लेकर गहन अनुसंधान व उनके संरक्षण के लिए अनेक कदम उठा रहा है।

## एक नजर

### यूकेडी ने उठाए बिना टेंडर काम देने पर सवाल

**—ब्लैक लिस्टेड कंपनी का अनुबंध निरस्त करने की मांग की**

देहरादून। यूकेडी ने राज्य और जिला सहकारी बैंकों में साइबर सिक्योरिटी का काम और कोर बैकिंग का काम संभाल रही कंपनी पर सवाल उठाते हुए गड़बड़ी की आशंका जताई है। केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिवप्रसाद सेमवाल ने कचहरी रोड स्थित कार्यालय में पत्रकारवार्ता ने आरोप लगाया कि कंपनी एनएचआरएम घोटाले में ब्लैक लिस्ट कर दी गई है तो फिर इसे उत्तराखंड में कैसे काम दे दिया गया। आरोप लगाया कि कंपनी उत्तर प्रदेश में धोखाधड़ी में पकड़ी गई है। इसके बावजूद इसे न सिर्फ उत्तर प्रदेश के सहकारी बैंक में काम दे दिया गया, बल्कि उत्तराखंड में भी इस कंपनी के कर्ताधर्ताओं को ही सिक्योरिटी सिस्टम तैयार करने का काम दिया गया। अहम सवाल यह है कि सिस्टम तैयार करने के लिए कंपनी को ढाई से तीन करोड़ रुपये का भुगतान भी हो चुका है। उन्होंने ब्लैक लिस्टेड कंपनी का अनुबंध निरस्त करने की मांग की है।

### सेक्स रैकेट की सूचना पर पुलिस ने मारा ब्यूटी पार्लर पर छापा

हल्द्वानी। एक ब्यूटी पार्लर में सेक्स रैकेट की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। जहां पुलिस को एक युवक–युवती मिले। बुधवार को पुलिस को सूचना मिली कि नवाबी रोड स्थित एक ब्यूटी पार्लर में सेक्स रैकेट चल रहा है। इस पर पुलिस पहुंच गई। ब्यूटी पार्लर में संचालिका व एक युवक मिले। पुलिस के अनुसार दोनों के बीच शादी से पहले प्रेम प्रसंग था, लेकिन दोनों की शादी कहीं और हो गई। शादी के बाद भी ब्लूटी पार्लर संचालिका व युवक एक–दूसरे से मिल रहे थे। बुधवार को युवक का पीछा करते हुए परिजन ब्यूटी पार्लर पहुंच गए थे। इस दौरान दोनों पक्षों में खूब हंगामा हुआ। थाने में समझौता के बाद मामला रफादफा हो गया।

# 145 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया



हरिद्वार । पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त देवभूमि अभियान के तहत श्यामपुर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। लालढांग तिराहे के पास पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान बाईक पर चरस सप्लाई करने जा रहे अनुज कुमार निवासी ग्राम सिकरोड़ा नवादा थाना मंडावली जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश के कब्जे से 145 ग्राम चरस बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज किया गया है। तस्करी में प्रयुक्त बाईक को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ शराब तस्करी के कई मुकद्मे दर्ज है। पुलिस टीम मे एसआई राखी रावत, एसआई शशि भूषण जोशी, कांस्टेबल अजय बिष्ट व धर्मेन्द्र शामिल रहे।

### डा. रणवीर सिंह बने दोबारा से सीबीएसई दून रीजन के आरओ

देहरादून। संयुक्त निदेशक डा. रणवीर सिंह को दोबारा सीबीएसई दून रीजन का क्षेत्रीय निदेशक बनाया गया है। बुधवार को उन्होनें कार्यभार ग्रहण कर लिया। वे पहले भी यहां क्षेत्रीय निदेशक निदेशक रहे चुके हैं। इसके बाद वे संयुक्त निदेशक बनकर बैंगलुरू चले गए थे। अब वे वापस आ गए हैं। मूल रूप से जौनसार के रहने वाले डा. सिंह ने यहां सीबीएसई स्कूलों में पढ़ाई के स्तर और रिजल्ट को सुधारने के लिए कई तरह की पहल की। वे इसके अलावा क्षेत्र में समाज सेवा के लिए भी लगातार प्रयासरत हैं। बुधवार को ज्वानिंग के बाद डा. रणवीर सिंह ने सभी स्कूलों को पत्र लिखकर कहा है कि किसी भी तरह की समस्या पर वे उनसे सीधे बात कर सकते हैं।

# अंकिता हत्याकांड की जांच के लिए महिला संगठनों ने बनाई टीम

देहरादून। उत्तराखंड महिला मंच ने अंकिता भंडारी की हत्या और प्रारंभिक जांच में प्रशासनिक लापरवाही व आनन–फानन में सबूत नष्ट करने के प्रयासों को देखते हुए देश भर के जिम्मेदार महिला संगठनों के साथ मिलकर तथ्यान्वेशण टीम गठित की है। उत्तराखंड महिला मंच की निर्मला बिष्ट ने बताया कि 20 सदस्यीय यह टीम दलों में बंटकर 27–28–29 अक्टूबर को पौड़ी, श्रीनगर, ऋषिकेश और देहरादून का दौरा करेगी। 27 अक्तूबर को एक टीम श्रीनगर, श्रीकोट (अंकिता के माता–पिता के पास) जाएगी और श्रीनगर में जन संपर्क करेगी। दूसरी टीम ऋषिकेश में वनन्तरा रिसोर्ट व चीला बैराज के आस–पास की जगहों का दौरा करेगी, लोगों से पूछताछ करेगी। टीम होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से भी मिलेगी। 28 अक्तूबर को राज्य महिला आयोग, डीजीपी उत्तराखंड, एसआईटी प्रमुख, पर्यटन सचिव, मुख्य सचिव आदि से मिलने के बाद दून में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगे। देहरादून, ऋषिकेश तथा श्रीनगर में विभिन्न नागरिकों, जनसंगठनों तथा आंदोलनकारियों से भी बात की जाएगी। जांच के आधार पर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। तथ्यान्वेशण दल (फैक्ट फाइंडिंग टीम) में उत्तराखंड महिला मंच, पीयूसीएल, जनवादी महिला समिति, जनांदोलनों का राष्ट्रीय समन्वय, सॉलीडेरिटी फाउंडेशन, कर्नाटक विथ बिलकिस, महिला किसान अधिकार मंच, ऐपवा के सदस्य तथा पर्यटन विशेषज्ञ, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता तथा विभिन्न छात्र संगठन शामिल हैं।

### टिहरी में राज्य आंदोलनकारियों का जिला सम्मेलन 30 को

नई टिहरी। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच टिहरी की बुधवार को नई टिहरी स्थित शहीद स्मारक पार्क में बैठक हुई। बैठक में आगामी 30 अक्तूबर को होने वाले जिला सम्मेलन को लेकर चर्चा हुई। आंदोलनकारी मंच के जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र नौडियाल ने बताया कि जिला सम्मेलन में मंच की जिला स्तरीय नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

# आंदोलनकारी करायत को किया भावपूर्वक याद

बागेश्वर। प्रेस क्लब के संस्थापक सदस्य, वरिष्ठ आंदोलनकारी स्व. हरीश सिंह करायत की नौवीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण याद किया गया। उनके विचारों और समाज के उत्थान में किए गए कार्यों की सराहना की गई।बुधवार को प्रेस क्लब सभागार पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य आंदोलनकारी रमेश पांडे कृषक, पीयूसीएल के प्रांतीय उपाध्यक्ष नंदाबल्लभ भट्ट, जिला युवक समिति के अध्यक्ष नरेंद्र खेतवाल, मोहन सिंह करायत ने संयुक्त रूप से किया। स्व. करायत के चित्र के आगे दीप जलाकर पुष्प अर्पित किए। वृक्ष प्रेमी किशन सिंह मलड़ा ने करायत की जीवनी संस्मरणों और योगदान पर प्रकाश डाला। करायत की स्मृति में काफल और अन्य प्रजाति के पौधों का रोपण किया। उपस्थित जनों को विभिन्न प्रजाति के पौधे भेंट किए गए। संचालन प्रेस क्लब के अध्यक्ष चंदन सिंह परिहार ने किया। इस दौरान जगदीश उपाध्याय, लोकपाल सिंह कोरंगा, घनश्याम जोशी, महीप पांडे, हरीश नगरकोटी, अधिवक्ता दिग्विजय सिंह जनौटी, चंदन सिंह गड़यि़ा,राजकुमार सिंह परिहार, रमेश प्रकाश पर्वतीय, मनीष गड़यि़ा, किशन राम, बहादुर सिंह परिहार, मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

### मजदूरों के श्रम का हो रहा शोषण : केके बोरा

हल्द्वानी। निजी कंपनियों पर मजदूरों का शोषण करने का आरोप लगाया है। बुधवार को ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन (एक्टू) की नगर कमेटी की बैठक दमवाढूंगा कार्यालय में हुई।

एक्टू के प्रदेश महामंत्री केके बोरा ने कहा कि राज्य में लगातार कंपनियां मजदूरों को बेरोजगार कर भाग रही हैं। सिडकुल में मजदूरों के श्रम का शोषण किया जा रहा है।

मजदूरों के लगातार आंदोलन करने के बाद भी शासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। मांग की गई की जायड्स की बंदी को श्रम सचिव हाई कोर्ट के फैसले के अनुसार अवैध घोषित करें।

# साइकिल से केदारनाथ पहुंचकर बनाया कीर्तिमान



रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड की बेटी प्रीति ने महज चार दिन में साइकिल से हरिद्वार से केदारनाथ पहुंचकर नया कीर्तिमान बनाया है। उनकी इस कामयाबी पर रुद्रप्रयाग ही नहीं सम्पूर्ण उत्तराखंड के लोगों ने खुशी व्यक्त कर उन्हें बधाई दी है। जनपद रुद्रप्रयाग की ग्राम तेवड़ी सेम, पोस्ट चंद्रनगर निवासी प्रीति नेगी के पिता शहीद स्व. राजपाल सिंह वर्ष 2002 में आतंकवादियों से लड़ते हुए जम्मू कश्मीर में शहीद हो गए थे।

उनकी माता भागीरथी देवी ग्रहणी है। पहले से ही पर्वतारोहण और बॉक्सिंग के क्षेत्र में नाम रोशन कर चुकी प्रीति ने इस बार एक और कामयाबी हासिल की है। रिस्पेक्ट टू गॉड इवेंट के जरिए पहाड़ की होनहार और जोशीली बेटी प्रीति ने 4 दिन में हरिद्वार से केदारनाथ तक की यात्रा साइकिल से कर रिकॉर्ड बना दिया है। इस तरह हरिद्वार से केदारनाथ पहुंचने वाली प्रीति पहाड़ की पहली बेटी है। रुद्रप्रयाग सहित पूरा उत्तराखंड प्रीति पर गर्व महसूस कर रहा है और उन्हें बधाई दे रहा है। प्रीति ने बताया कि पिता के शहीद होने की घटना ने परिवार को पूरी तरह से झकझोर दिया। प्रीति ने कभी खुद को कमजोर होने नहीं दिया। मां भागीरथी देवी अपनी बेटी का लगातार हौसला बढ़ाती रही। प्रीति कुछ बेहतर कर नाम रोशन करना चाहती थी, इसलिए बचपन से ही खेलकूद के साथ, बाइकिंग, माउंटेन और साइकिलिंग में खुद को निखारने लगी। अगस्त्यमुनि से शिक्षा प्राप्ति के दौरान 2015 में बॉक्सिंग स्टेट खेल चुकी प्रीति ने 2016 में पर्वतारोहण में बेसिक कोर्स किया। जिसके बाद से वो कई चोटियों पर पर्वतारोहण कर चुकी है। वर्ष 2017 ने यूथ फाउंडेशन में बतौर इंस्ट्रक्टर बनकर लड़कियों को प्रशिक्षित किया। दोबारा 2018 में पर्वतारोहण (ए ग्रेड) का एक उन्नत कोर्स कर डीकेडी से 5670 मीटर तक की चढ़ाई भी की। 2019 में एक स्की कोर्स किया जिसमें दूसरा स्थान मिला और ए ग्रेड हासिल किया।

# पूर्व डीजीपी सिद्धू की संपत्ति की जांच करवाए सरकार : जुगरान



देहरादून। पूर्व डीजीपी बीएस सिद्धू के खिलाफ पिछले दस सालों से कानूनी लड़ाई लड़ रहे भाजपा नेता और राज्य आंदोलनकारी रविंद्र जुगरान ने अपनी जान का खतरा बताया है। उन्होंने सरकार से उनकी सुरक्षा पर ध्यान देने की मांग की है। साथ ही पूर्व डीजीपी सिद्धू के खिलाफ उनके साथ लड़ रहे रिटायर दरोगा निर्विकार और राजाजी पार्क के आनररी वाइल्ड लाइफ वार्डन राजीव तलवार की जान को खतरा बताया है। जुगरान ने दस साल की लंबी लड़ाई के बाद सिद्धू के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने पर सीएम पुष्कर धामी और वन मंत्री सुबोध उनियाल का आभार जताया।उत्तरांचल प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए जुगरान ने कहा कि सिद्धू के खिलाफ ये मुकदमा दस साल पहले ही हो जाना चाहिए था। लेकिन पिछले सरकारों और शासन में बैठे अधिकारियों के साथ न्यायपालिका के ढुलमुल रवैये के चलते ऐसा नहीं हो सकता। लेकिन मुख्यमंत्री धामी,वन मंत्री सुबोध और पीसीसीएफ विनोद सिंघल ने इस मामले में दृढ़ता दिखाते हुए सिद्धू के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने में अहम भूमिका निभाई।

### पेयजल निगम की अनियमित बिलिंग की सीएम हेल्पलाइन पर की शिकायत

देहरादून। मेहूंवाला क्षेत्र के स्थानीय उपभोक्ताओं ने पेयजल निगम पर क्षेत्र में अनियमित रूप से पानी के बिल भेजने का आरोप लगाया है। मेहूंवाला माफी के उपभोक्ता मो. आशिक ने बताया कि पेयजल निगम ने पिछली बार भी एक साल के बिल एक साथ भेजे। ये बिल छह–सात हजार रुपये तक के बने थे। जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त दबाव पड़ा था। क्षेत्र में अधिकांश उपभोक्ता गरीब, दैनिक मजदूर, दिहाड़ी एवं मध्यम वर्ग से आता है। इनके लिए एक साथ बिल दे पाना बेहद मुश्किल हो जाता है।

# कैबिनेट मंत्री जोशी ने बांटी आपदा प्रभावितों को मिठाई

देहरादून। दीपावली के अवसर पर सैनिक कल्याण एवं कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विलासपुर कांडली के आपदा प्रभावित परिवारों को मिठाई एवं अन्य उपयोगी वस्तुएं भेंट की।

अस्वस्थ्य होने के बावजूद भी मंत्री जोशी ने भाजपा नेता वंदना बिष्ट के अनुरोध पर सभी प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उनके साथ खुशियां बांटी। मंत्री ने कहा कि दीवाली का पर्व उनके परिवारों के लिए भी उत्साह एवं खुशियों से भरा हुआ होना चाहिए। जो पिछले दिनों भारी बारिश के कारण अपने घर छोड़ अन्य स्थानों पर रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछली रोज उनकी पुत्री नेहा जोशी द्वारा सरखेत क्षेत्र में प्रभावितों से मुलाकात कर उन्हें दीवाली की मिठाई भेंट की गयी थी।

सभी को आवश्यक राशन सहित मिठाई, जूस, बिस्कुट इत्यादि वितरित किया। इसमें रवि धीमान, अच्छे लाल, प्रेम कुमार, संत कुमार सहित सात प्रभावित परिवारों को सामग्री प्रदान की गयी। इस अवसर पर भाजपा नेता वंदना बिष्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय गुप्ता, मीता सिंह आदि उपस्थित रहे।

## घिरोली में वालीबॉल प्रतियोगिता 28 से

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : रिखणीखाल ब्लॉक के ग्राम घिरोली में 28 अक्टूबर से सीनियर वर्ग की तीन दिवसीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। संचालन समिति के अध्यक्ष राकेश ध्यानी ने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रवासी उत्तराखंडवासियों की ओर से बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 28 अक्टूबर से ग्राम घिरोली के जन्मदाता के बालादत्त ध्यानी की स्मृति में तीन दिवसीय वालीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी जो हर वर्ष जारी रहेगी। प्रतियोगिता में उत्तराखंड मूल के सभी खेलप्रेमी प्रतिभाग कर सकते हैं।विजेताओं को प्रोत्साहित करने के लिए समिति की ओर से नकद राशि के साथ ही ट्राफी प्रदान की जाएगी। बैठक में शशि ध्यानी, अनिल हेमदानी, आनंद प्रसाद ध्यानी, गजेंद्र प्रसाद ध्यानी, अनिल कुमार रावत, लक्ष्मण ध्यानी, सुभाष नेगी, सुरजीत रावत, विनय मोहन बिष्ट, सुभाष जोशी मौजूद रहे।

# मैदानी क्षेत्रों को बढ़े यात्री, बस के लिए मारामारी

### दीपावली की छुट्टी खत्म होने के बाद वापस लौट रहे प्रवासी यात्रियों की बढ़ी संख्या को देखते हुए परिवहन निगम ने बढ़ाई बसें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** दीपावली की छुट्टी खत्म होते ही बुधवार को मैदानी क्षेत्रों में वापस लौट रहे यात्रियों के बीच सीट के लिए मारामारी मची रही। लोगों को बस अड्डे और सड़कों पर बस के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। यात्रियों का अधिक दबाव देखते हुए परिवहन निगम ने मैदानी क्षेत्र के लिए बसों की संख्या बढ़ा दी है।

#### पहाड़ के लिए सवारियों का इंतजार

बुधवार को अधिकांश लोग पहाड़ से कोटद्वार बस अड्डे में मैदानी क्षेत्र को जाने के लिए पहुंच रहे थे। यही कारण था कि पहाड़ से आने वाले सभी वाहन सवारियों से पूरी तरह भरे हुई थी। वहीं, कोटद्वार से पहाड़ जाने वाले वाहनों को सवारियों का इंतजार करना पड़ा। जबकि, कुछ दिन पूर्व तक पहाड़ के लिए यात्रियों की भारी भीड़ थी।



कोटद्वार बस अड्डे में मैदानी क्षेत्र के लिए बस का इंतजार करते यात्री।

बुधवार को लोग अपने गांव से दीपावली पर्व मनाकर वापस मैदानी क्षेत्रों के लिए रवाना हुए। सुबह दस बजे तक लोग उत्तराखंड परिवहन निगम के कोटद्वार डिपो में पहुंचे। कुछ ही समय में यात्रियों की भीड़ जमा लग गई। एक के बाद एक बस भरकर जाने लगी, बसों की कमी के चलते लोगों को घंटो बसों का इंतजार कर परेशानी उठानी पड़ी। अचानक बढ़ी यात्रियों की संख्या को देखते हुए परिवहन निगम ने दिल्ली के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन किया। कोटद्वार डिपो के एजीएम टीकाराम आदित्य ने बताया कि दीपावली की छुट्टियों से लौट रहे यात्रियों का दबाव अधिक होने के कारण यात्रियों की सुविधा के लिए रूटीन की बसों के अलावा अन्य बसों की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में दिल्ली रूट पर 28 बसों का संचालन किया जा रहा है।

# रामलीला में सीता हरण का हुआ मंचन

### डाडामंडी में आयोजित रामलीला का सातवां दिन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** दुगड्डा ब्लाक के झटरी ग्राम सभा अंतर्गत डाडामंडी में आयोजित रामलीला में सातवें दिवस की लीला में सीता हरण तक की लीला का मंचन किया गया।

लीला के अंतर्गत सूर्पनखां का पंचवटी में प्रवेश, राम लक्ष्मण को विवाह के लिए उकसाना, न मानने पर सीता पर आक्रमण तत्पश्चात लक्ष्मण द्वारा राम के इशारे पर सूर्पनखां के नाक कान काटना, सूर्पनखां का खर दूषण के पास पहुंचना, खर–दूषण का राम लक्ष्मण के साथ युद्ध में मारा जाना, तत्पश्चात रावण दरबार में सूर्पनखां का पहुंचना, रावण द्वारा मामा मारीच की मदद से स्वर्ण मृग द्वारा सीता को ललचाना, राम द्वारा स्वर्ण मृग रूपी मारीच वध,रावण द्वारा सीता हरण व जटायु मरण तक की लीला का मंचन किया गया। पात्रों ने अपने सजीव अभिनय से लोगों को लीला में बांधे रखा। रामलीला प्रारंभ होने से पूर्व महिलाओं की सामाजिक कार्यों में सहभागिता व स्व संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई थड़िया चौंफला प्रतियोगिता के अंतर्गत झटरी की महिलाओं ने प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष खुशीराम बलोदी, उपाध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी, कोषाध्यक्ष हरेंद्र रावत, मंच संचालक हनुमान रावत और राकेश देवरानी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।



डाडामंडी में आयोजित रामलीला में मचन करते कलाकार।

# वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**सतपुली/ कोटद्वारः** हंस फाउंडेशन हॉस्पिटल सतपुली चमोली सैन के द्वारा कांडाखाल ब्लॉक ज़हरीखाल में वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ–साथ महिला रोग विशेषज्ञ द्वारा जांच की गई साथ ही निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई ।

बुधवार को शिविर प्रातः दस बजे से शुरू होकर दोपहर तीन बजे तक चला। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 50 लोग पहुंचे जिसमें से 23 वरिष्ठ नागरिकों के आंखों के ऑपरेशन व स्वास्थ्य को लेकर हंस हॉस्पिटल सतपुली चमोली सैन के लिए भेजा गया। स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे डॉक्टरों के द्वारा महिलाओं के विभिन्न रोगों व बुजुर्गों की आंखों, बीपी, शुगर, हड्डी सहित विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में 50 से ज्यादा मरीजों का इलाज किया गया। जिसमें 23 बुजुर्गों को हंस अस्पताल में इलाज के लिए रेफर किया गया, जिन भी बुजुर्गों को रैफर किया गया है उनके लिए 31 अक्टूबर को हंस फाउंडेशन की गाड़ी लेने पम्प हाउस आएगी व अस्पताल में उनका इलाज मुफ्त इलाज किया जाएगा। 27 लोगो का इलाज मौके पर ही किया गया। साथ ही निशुल्क दवा भी बांटी गई। इस मौके पर हंस फाउंडेशन हॉस्पिटल डॉ सौरभ नेगी, डॉ अमित रावत, पंकज कुमार, विजय सहित स्टाफ मौजूद रहा। शिविर आयोजन में स्थानीय समाजसेवी अनिल रावत ,ग्राम प्रधान सुरेश चंद्र , जितेंद्र रावत , यशवंत नेगी ,बचन सिंह ,इंद्रजीत असवाल का विशेष सहयोग रहा।



शिविर में बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक।

**हंस हॉस्पिटल सतपुली द्वारा कांडाखाल में किया गया वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन**

# शौर्य चक्र विजेता शहीद मनीष पटवाल के बलिदान को किया याद

### शहीद की याद में घंडियाल से कांसखेत तक आयोजित की गई मैराथन दौड़

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** शौर्य चक्र विजेता शहीद मनीष पटवाल की दसवीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ग्रामीणों ने शहीद के बलिदान को याद करते हुए सदैव देश हित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान घंडियाल से कांसखेत तक मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण युवाओं ने प्रतिभाग किया।

युवा संगठन व पूर्व सैनिक संगठन की ओर से अटल उत्कृष्ट जीआईसी कांसखेत में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य गढ़कोट संजय डबराल व विधायक प्रतिनिधि के तौर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व सैनिक संगठन पौड़ी के सचिव राजेंद्र सिंह राणा मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी। स्थानीय लोक गायक सुरजीत पंवार ने देशभक्ति गीत गाकर उपस्थित लोगो भावुक कर दिया। आराधना रावत ने भी सैनिकों के सम्मान में कविता के माध्यम से श्रद्धा सुमन अर्पित कर सबको भावुक कर दिया। इस दौरान शहीद के माता पिता के साथ ही श्रीलंका में युद्ध में शहीद नरेश रावत की बहन सरोज रावत को भी सम्मानित किया गया। साथ ही घंडियाल से कांसखेत तक आयोजित मिनी मैराथन में प्रथम आई प्रतिभागी को 1100 व द्वितीय को 700 तथा तृतीय आए प्रतिभागी 501 रुपए की धनराशि देकर सम्मानित किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी ने बताया कि शहीद मनीष पटवाल की याद में हर वर्ष श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान शहीद मनीष पटवाल के पिता जगमोहन सिंह पटवाल तथा माता शांति देवी की भी मौजूद रहे। मुख्यातिथि संजय डबराल ने कहा कि सैनिक का सम्मान देश का सम्मान है। उन्होंने कहा कि पेशावर कांड के महनायक वीरचंद्र सिंह गढ़वाली की कांसखेत विद्यालय समीप बनी प्रतिमा और स्मारक का आजतक लोकार्पण नही हुआ। जगमोहन डांगी ने विद्यालय का नाम शहीद मनीष पटवाल के नाम से रखने और घण्डियाल पाली डांगी शहीद मनीष पटवाल मोटर मार्ग से शहीद मनीष पटवाल का गांव सुराल गांव को जोड़ने एवं विधायक निधि से शहीद द्वार बनवाने की मांग रखी है। इस अवसर पर रिटायर्ड कैप्टन सुरेंद्र रावत,नायब सूबेदार कल्याण सिंह रावत,सूबेदार ओमप्रकाश काला, उत्तराखंड पुलिस लाइन पौड़ी से एएसआई अनिल चौधरी, एएसआई वीर सिंह, एएस–ाआई जयप्रकाश थपलियाल,पूर्व सैनिक अर्जुन सिंह पटवाल, कासंखेत व्यापार संघ की ओर से चित्र सिंह रावत,पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष राकेश रावत,कोष अध्यक्ष संजय रावत,राजस्व उपनिक्षक भुवनेश पड़ियार,ग्राम प्रधान थापला राकेश कुमार,समाजिक कार्यकर्ता अशोक रावत,जसवीर रावत,सुनील रावत,युवा संगठन के अध्यक्ष अजय मोहन नेगी, उपाध्यक दिवाकर नैथानी,सचिव विकास कुमार,मिडिया प्रभारी कुमारी तनुजा रावत, दीया रावत आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन विजय नैथानी ने किया।



मैराथन दौड़ में अव्वल आने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

# कोटद्वार-पुलिंडा मार्ग में दंपति के साथ मारपीट, जताया रोष

### कोटद्वार से बाइक में सवार होकर बल्ली गांव जा रहा था दंपति

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** कोटद्वार-पुलिंडा मार्ग पर तीन युवकों व दो युवतियों ने मोटरसाइकिल से बल्ली गांव जा रहे एक दंपति के साथ मारपीट कर दी। मामले में पीड़ित दंपति की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई है। वहीं, बल्ली गांव के ग्रामीणों ने कोतवाली में पहुंचकर पुलिस से युवक व युवतियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।

बुधवार को पीड़ित बल्ली निवासी नितिन नेगी ने कोतवाली में पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार दोहपर वह अपनी पत्नी व छोटे बच्चे के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर कोटद्वार से अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान दो अलग-अलग मोटरसाइकिल में सवार तीन युवक व दो युवतियों ने उनका रास्ता रोक दिया।



कोटद्वार कोतवाली में शिकायत लेकर पहुंचे बल्ली गांव के ग्रामीण ।

कारण पूछने पर युवक व युवती उनके साथ गाली-गलौज करने लगे।

विरोध करने पर युवक व युवतियों ने उनके साथ मारपीट कर दी। ग्रामीणों के साथ कोतवाली में पहुंचे जिला पंचायत सदस्य भरत नेगी ने बताया कि कोटद्वार-पुलिंडा मार्ग लगातार असामाजिक तत्वों का अड्डा बनता जा रहा है। आए दिन असामाजिक तत्व ग्रामीणों के साथ अभद्रता करते हैं। मामले की शिकायत कई बार पुलिस से कर चुके हैं। लेकिन, पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं लेती। नतीजा अब असामाजिक तत्व ग्रामीणों के साथ ही मारपीट करने लगे हैं।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## कठूली में रामलीला का मंचन एक से

**जयन्त प्रतिनिधि ।**

**पौड़ीः** खिर्सू ब्लाक के कठूली गांव में एक नवंबर से रामलीला मंचन किया जाएगा। इस बार दिन में रामलीला मंचन किया जाएगा।

कठूली गांव में रामलीला के आयोजन को सिर्फ मंचन भर नहीं माना जाता बल्कि एक आध्यात्मिक अनुष्ठान की तरह इस आयोजन के नियम कानून होते हैं। जिनका अनुपालन करने को यहां हर गांववासी फर्ज नहीं जिम्मेदारी की तरह निभाते हैं। तीन ग्राम पंचायतों वाले कठूली गांव की रामलीला यहां की एकता और अखण्डता का भी द्योतक है। 69वें वर्ष में प्रवेश कर रहे इस बार के रामयज्ञ में सबसे बड़ा बदलाव यह है कि रामभक्त इस बार मर्यादा पुरूषोत्तम की लीला को दोपहर के उजाले में देख सकेंगे। 11 दिवस तक चलने वाला यह आयोजन पूर्व में रात को हुआ करता था।

बीते दिनों हुई रामलीला कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया था। आयोजन समिति के मुताबिक आयोजन की शुरूआत हेतु विधि विधान के साथ हनुमान ध्वज स्थापित किया जा चुका है। साथ ही प्रकाण्ड पोथि वाचकों द्वारा रामयज्ञ की तिथि तय की गई है। 1 नवंबर 2022 से यहां रामयज्ञ का शुभारंभ हो जाएगा। इस पूर्व में कठूली गांव में रात में ही रामलीला का आयोजन किया जाता रहा है।

# बहुजन समाज के हितों को लेकर की चर्चा

**पौड़ीः** गुजरात से पौड़ी पहुंचे बहुजन समाज के स्वयं सैनिक दल ने आंबेडकर मूर्ति स्थल पर उत्तराखंड युवा प्रकोष्ठ परिसंघ के पदाधिकारियों के साथ बहुजन समाज को एकजुट करने को लेकर बैठक आयोजित की। बैठक में बहुजन समाज को एकजुट करने के साथ ही उत्थान को लेकर अवरोध उत्पन्न कर रहे बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान नए संसद भवन का नाम डा. भीमराव आंबेडकर के नाम पर रखने पर भी चर्चा की गई।

बुधवार को डा.भीमराव आंबेडकर मूर्ति स्थल पर आयोजित बैठक में उत्तराखंड युवा प्रकोष्ठ परिषद के प्रदेश अध्यक्ष गौरव कुमार, प्रदेश महासचिव श्रीकांत, आईटी सेल प्रभारी शैलजा सिंह ने कहा कि स्वयं सैनिक दल पूरे देश में घूमकर बहुजन समाज के लोगों को जागरूक करने का काम कर रहा है। बताया कि बैठक में सामाजिक, आर्थिक, मानसिक और शैक्षणिक परिवर्तन को लेकर बहुजन समाज को एकजुट करने पर मंथन किया गया। इसके साथ ही बैठक में बहुजन समाज के उत्थान को लेकर अवरोध पैदा कर रहे विभिन्न बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में स्वयं सैनिक संघ के पदाधिकारियों व उत्तराखंड युवा प्रकोष्ठ परिषद के पदाधिकारियों ने नए संसद भवन का नाम डा.भीमराव आंबेडकर के नाम पर रखने पर भी चर्चा की। बैठक में उत्तराखंड युवा प्रकोष्ठ परिषद के प्रदेश कोषाध्यक्ष ललित मोहन, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह, राकेश गौरशाली, भूपेंद्र सिंह टम्टा आदि शामिल रहे।

# दूसरे दिन भी धधकता रहा ट्रेंचिंग ग्राउंड, जहरीले धुएं से जनता परेशान

### दीपावली की रात ट्रेचिंग ग्राउंड में पड़े कूड़े पर लग गई थी आग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** गाड़ीघाट खोह नदी के तट पर बना ट्रेचिंग ग्राउंड दूसरे दिन भी धधकता रहा। कूड़ा जलने से उठ रहे जहरीले धुएं के कारण आमजन का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। आसपास के परिवारों को संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा सता रहा है। लाख प्रयासों के बाद भी नगर निगम आग पर काबू पाने में असफल ही नजर आ रहा है। नगर निगम क्षेत्र के वार्डों से हर रोज एकत्रित होने वाले सैकड़ों टन कूड़े को ट्रेंचिग ग्राउंड में डाला जाता है। दीपावली की रात जलते हुए राकेट व पटाखा गिरने से ट्रेचिंग ग्राउंड का कूड़ा धधक उठा था। नगर निगम के कर्मचारी लगातार आग पर काबू पाने में जुटे हुए थे। लेकिन, उसके सभी प्रयास बेअसर साबित हो रहे हैं। ऐसे में बुधवार को भी चारों ओर जहरीले धुएं का गुब्बार छाया हुआ था। धुएं के कारण लोगों को गाड़ीघाट पुल से गुजरना भी मुश्किल हो गया। कूड़े के अधिकांश ढेर तेज आग की लपटों से घिरे हुए थे। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्ग व बच्चों को उठानी पड़ी। आसपास के दुकानदारों का अपने प्रतिष्ठानों में बैठना भी मुकिश्ल हो गया था। गाड़ीघाट निवासी मदन कुमार ने बताया कि आबादी के बीच संचालित हो रहे ट्रेचिंग ग्राउंड को अन्यत्र शिफ्ट करने के लिए क्षेत्रवासी कई बार आंदोलन भी कर चुके हैं। लेकिन, अधिकारी व जनप्रतिनिधि अपने जिम्मेदारियों को लेकर लापरवाह बने हुए हैं। नतीजा ट्रेचिंग ग्राउंड से उठ रही दुर्गंध व कूड़ा जलने के बाद निकल रहे जहरीले धुएं के कारण आमजन का सांस लेना भी मुश्किल हो गया है।



कोटद्वार के गाड़ीघाट क्षेत्र में आग लगने के बाद ट्रेचिंग ग्राउंड से उठता जहरीला धुंआ।

# अग्निपीड़ित के घर पहुंची रेडक्रॉस की टीम



बागेश्वर। मंडलसेरा उत्तरी वार्ड निवासी अग्निपीड़ित गणेश राम के घर बुधवार को रेडक्रॉस की टीम पहुंची। टीम ने पीड़ित को राहत सामग्री दी। राहत किट में राशन, बर्तन सैट, कंबल था। इसके अलावा हाइजीन किट भी दिया गया। स्वयंसेवियों की इस छोटी कोशिश ने उनके दर्द को कुछ कम करने का काम किया। रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन संजय साह जगाती, वाइस चेयरमैन इंद्र सिंह फर्स्वाण, जिला सचिव आलोक पांडे, जिला कार्यकारिणी सदस्य कन्हैया वर्मा, सदस्य केएन कांडपाल, किशन मलड़ा, आतिर तिवाड़ी तथा हरीश दफौटी आदि मौजूद रहे।

## चम्पावत–टनकपुर के ईओ का तबादला हुआ

चम्पावत। चम्पावत और टनकपुर के ईओ का तबादला हो गया है। चम्पावत के ईओ को लक्सर और टनकपुर के ईओ को लालकुंआ भेजा गया है। उप सचिव प्रदीप कुमार शुक्ल की ओर से जारी आदेश में चम्पावत में तैनात ईओ चंद्रशेखर शर्मा का तबादला लक्सर किया गया है। उनके स्थान पर नैनीताल नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अशोक कुमार वर्मा को भेजा गया है। इधर, टनकपुर पालिका के ईओ राहुल कुमार सिंह को लालकुंआ भेजा गया है। जबकि गरुड़ नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी भूपेंद्र प्रकाश जोशी की टनकपुर पालिका में नई तैनाती की गई है।

# बागेश्वर में 23 सीएचओ के पद रिक्त

बागेश्वर। ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनाए गए। इन सेंटरों के माध्मय से जिले के लोगों को काफी लाभ मिल रहा था। इन केंद्रों के माध्मय से ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच के साथ ही अज–जन आरोग्ध अभियान भी संचालित किया जाता है।

जिले के हेल्ड एंड वेलनेस केंद्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधिकारी एचओ के 23 पद रिक्त हैं। मानकों के अनुसार प्राथमिक केंद्र पीएससी नहीं है वहां वेलनेस केंद्र की मदद से सुविधाएं मुहैया कराई जाती है। जिले में 89 हेल्ड एंड वेलनेस सेंटर हैं। 29 सेंटरों के नजदीक पीएचसी केंद्र होने के कारण सीएचओ तैनात नहीं है। 60 केंद्रों में सीएचओ के पद स्वीकृत हैं। 40 संटरों में सीएचओ तैनात हैं, जबकि 23 में पद रिक्त हैं। दो सेंटरों में तैनात सीएचओ ने त्याग पत्र दे दिया है। सीएओ के अधिरकतर दूरस्थ्य ग्रामीाण इलाकों में खाली है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग इससे सीधे तौर पर प्रभावित हो रहे हैं।

इधर डिप्टी सीएमओ डॉ. हरीश पोखिरिया ने बताया कि सीएचओ के रिक्त पदों पर तैनाती के लिए पत्रलिख गया है। उम्मीद है जल्द पद भरे जाएंगे।

## निशुल्क पशु चिकित्सा लगाया

चम्पावत। एसएसबी पंचम वाहिनी ने कमांडेट हरीश चंद्र जोशी के नेतृत्व में सीमांत गांव बयूरी और अमरा में नागरिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान बयूरी और अमरा में ग्रामीणों को 22 सोलर लैंप वितरित किए गए। साथ ही निशुल्क पशु चिकित्सा कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें डॉ घनश्याम पटेल ने क्षेत्र के 36 परिवारों के कुल 244 पशुओं की जांच कर दवाइयां वितरित की। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि सीमांत के बयूरी और अमरा में बिजली की व्यवस्था नहीं है। इसे देखते हुए पंचम वाहिनी ने ग्रामीणों को सोलर लालटेन वितरित किए। जिस पर ग्रामीणों ने पंचम वाहिनी के जवानों का आभार जताया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मंजू पांडेय, उमेश सिंह, मंगल राम, और एसएसबी के उपनिरिक्षक रमेश सिंह सिंह नेगी, सहायक उपनिरिक्षक संजीव कुमार नाथ, मोम्मद आदिल, यश पाल मुअनी, सुभाष यादव रहे।

# शॉर्ट सर्किट से दुकान और मकान जलकर राख



चम्पावत। लोहाघाट के नेपाल सीमा से लगे सुल्ला और कमलेड़ी में एक दुकान और एक मकान में आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया है। राजस्व कर्मियों ने मौके पर जाकर नुकसान का आंकलन किया है। दोनों जगह बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगना बताया जा रहा है। दीपावली पर्व पर सोमवार की देर रात सीमावर्ती गांव सुल्ला में दान सिंह की परचून की दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। परचून की दुकान के साथ लगी सस्ता गल्ला की दुकान में भी आग से सारा सामान जलकर खाक हो गया। लोगों ने आग को बुझाने की भी कोशिश की। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने से राशन, सामान, कम्प्यूटर और छह मुर्गियां जिंदा जल गई। इसके अलावा कमलेड़ी गांव में भी शॉर्ट सर्किट से कल्याण सिंह के मकान में आग लगी। जिस कारण 65 हजार की नकदी, सोने के जेवर, बैड, टीवी, सोफा आदि सब जलकर राख हो गया है। राजस्व उपनिरीक्षक सलमान ने बताया कि क्षति का आंकलन किया जा रहा है। लोगों ने दोनों पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग उठाई है।

## डीएम ने किया डीडीहाट–भनड़ा सड़क का निरीक्षण

पिथौरागढ़। डीएम डॉ. आशीष चौहान ने डीडीहाट पहुंचकर डीडीहाट–भनड़ा सड़क का स्थलीय निरीक्षण किया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख हरेंद्र चुफाल ने डीएम से इस सड़क को लोनिवि को हस्तांतरित करने की मांग की। इस पर डीएम ने उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं डीएम ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को अधिकारियों को उचित निर्देश भी दिए। इस मौके पर एसडीएम भगत सिंह फोनिया, हरीश कन्याल, बलवंत महरा, संजय चुफाल सहित कई लोग शामिल रहे।

## मिशन मर्यादा के तहत 30 पर कार्रवाई

पिथौरागढ़। सीमांत में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग मचाने और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। बुधवार को पुलिस ने मिशन मार्यादा के तहत नगर के विभिन्न इलाकों चेकिंग अभियान चलाया।

# दलजीत सिंह हत्याकांड में पांच आरोपी गिरफ्तार



रुद्रपुर। मेट्रोपोलिस गेट नंबर एक के सामने हुए दलजीत सिंह हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए हत्याकांड में पांच नामजद आरोपियों को मुरादाबाद से गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य अज्ञात आरोपियों की तलाश जारी है। आरोपी पंजाब के रास्ते विदेश भागने की फिराक में थे। एसएसपी ने पुलिस टीम को 10 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

बुधवार को एसएसपी कार्यालय में एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि दलजीत पुत्र गुरचरन सिंह निवासी ग्राम दुरजनपुर थाना बिलासपुर रामपुर यूपी निवासी को मंगलवार देर रात करीब 10–12 लोगों ने मेट्रोपोलिस कॉलोनी के गेट नंबर एक के पास घेरकर पीटा और उसको गोली मार दी।

राममूर्ति अस्पताल भोजीपुरा बरेली में इलाज के दौरान दलजीत ने दम तोड़ दिया। हत्या के मामले में भाई नरेंद्र सिंह ने गुरवीर सिंह, कंवल सिंह, प्रभजोत सिंह, जतिन, अमन, मुकुल बत्रा व 5–6 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध थाना पंतनगर में मुकदमा दर्ज कराया था। इस पर एसपी सिटी और एसपी क्राइम के निर्देशन में सीओ सिटी, सीओ पंतनगर, सीओ ऑपरेशन के नेतृत्व में थाना पंतनगर, चौकी सिडकुल थाना रुद्रपुर, थाना दिनेशपुर, थाना पुलभट्टा, थाना किच्छा, थाना ट्रांजिट कैम्प और एसओजी समेत सात टीमों का गठन किया गया। पुलिस को सूचना मिली कि घटना में शामिल गुरवीर सिंह, कंवल सिंह, प्रभजोत सिंह, अमन, जतिन मुरादाबाद से पंजाब होते हुए विदेश भागने वाले हैं। इस पर पुलिस टीम ने पांचों आरोपियों को मुरादाबाद रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। गुरवीर सिंह की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध पिस्टल, टाटा सफारी गाड़ी भी बरामद कर ली गई है।

# पति ने की पत्नी की गला घोंटकर हत्या



रुद्रपुर। रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप क्षेत्र की राजा कॉलोनी में पति ने पत्नी की चुन्नी से गला घोंटकर हत्या कर दी। साथ ही शोर मचाने पर मां को भी कपड़े से मुंह दबाकर मारने का प्रयास किया। पड़ोसियों ने भाग रहे आरोपी को दबोचकर पुलिस को सौंप दिया है। वहीं मायके पक्ष से भाई ने पति समेत ससुरालियों पर दहेज के लिए उसकी बहन की हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, राकेश पुत्र राजेन्द्र मूल निवासी निगोही शाहजहांपुर हाल निवासी राजा कॉलोनी की शादी करीब पांच माह पहले मीरा देवी (23) से हुई थी। राकेश सिडकुल की एक कंपनी में ठेका श्रमिक है और उसके पिता राजमिस्त्री हैं। बुधवार सुबह राजेंद्र अपने काम से जाफरपुर गए थे और घर पर उनकी पत्नी सुदामा देवी, बहू मीरा देवी और बेटा राकेश था। बुधवार सुबह करीब आठ बजे जब सुदामा देवी छत पर थीं तो राकेश ने पत्नी मीरा देवी की उसकी चुन्नी से गला घोंटकर हत्या कर दी। मां सुदामा देवी छत से नीचे आईं तो मीरा को चारपाई पर मृत देख उन्होंने शोर मचाया। इस पर राकेश ने मां को भी कपड़े से मुंह दबाकर मारने की कोशिश की। उनके शोर से पड़ोसी मौके पर पहुंच गए और राकेश को दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया।

मृतका मीरा देवी के भाई ने राकेश, उसके माता–पिता, भैया और भाभी के खिलाफ दहेज के लिए उसकी बहन की हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। जांच के बाद तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

–सुंदरम शर्मा, थाना प्रभारी, ट्रांजिट कैंप

## बग्वाली पोखर मेले को तैयारी तेज

अल्मोड़ा। बग्वाली मेले को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने को लेकर थानाध्यक्ष द्वाराहाट ने विभिन्न संगठनों के साथ मंगलवार को बैठक की। इस दौरान बैठक में मेला समिति ने निर्णय लिया कि मेले में आने वाले समस्त बाहरी व्यापारी इस वर्ष अपनी–अपनी दुकानें मेला कमेटी द्वारा निर्धारित किये गये स्थान में लगाएंगे और बाजार क्षेत्र में किसी भी बाहरी व्यापारी की दुकान नहीं लगेगी। थानाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि मेले के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी, मेले में उपद्रव मचाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व सभासद पर विधवा की रकम हड़पने का आरोप

रुद्रपुर। वार्ड संख्या दो निवासी विधवा महिला ने एक पूर्व सभासद दंपति पर हजारों की रकम हड़पने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है।

पुलिस को दी तहरीर में शर्मिला दास कहा कि दो माह पूर्व उसके पति शुभम के सिर पर पेड़ गिरने से मौत हो गई थी। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण मोहल्ले वासियों ने चंदा इकट्ठा कर अंतिम संस्कार और क्रिया कर्म करने में सहयोग किया था। तेरहवीं संस्कार के बाद चंदे की 23 हजार 500 रुपये शेष थे। मोहल्ले के लोगों ने एक पूर्व सभासद दंपति को यह रकम सौंप कर उसकी दो वर्षीय पुत्री कनिका के नाम बैंक में फिक्स डिपॉजिट करने के लिए कहा था। आरोप है कि कुछ दिन पूर्व सभासद दंपति ने चंदे की रकम से 4 हजार 5 सौ रुपए रखकर बाकी रकम विधवा को वापस लौटा दिया। शेष रकम मांगने पर दंपति द्वारा विधवा को समाज में बदनाम करने की धमकी दी जा रही है। विधवा महिला ने एक अन्य मामले में इसी पूर्व सभासद दंपति पर करीब तीस हजार रुपए गबन का भी आरोप लगाया है। चौकी इंचार्ज जगदीश तिवारी ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

## पदाधिकारियों को पार्टी से निष्कासित करने की मांग

रुद्रपुर। दलित समाज के लोगों ने दलित व पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त भाजपा के दो पदाधिकारियों को पार्टी से निष्कासित करने की मांग की है।

इसको लेकर समाज के लोगों ने भाजपा के कार्यकारी जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना को ज्ञापन सौंपा है। बुधवार को सौंपे ज्ञापन में समाज के लोगों ने कहा कि 9 अक्तूबर को कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या को रुद्रपुर में महर्षि वाल्मीकि मंदिर रम्पुरा, गांधी कॉलोनी, भूत बंगला में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करना था, लेकिन दोनों ही पदाधिकारियों ने समाज के प्रति अशोभनीय टिप्पणी कर उनके कार्यक्रम को स्थगित करवा दिया। इससे समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

# सड़क किनारे खड़ी स्कूटी में लगी आग



पिथौरागढ़। बांस में सड़क किनारे खड़ी एक स्कूटी में आग लगने का मामला सामने आया है। स्कूटी मालिक ने आशंका जताई है कि किसी असमाजिक तत्व ने जानबूझकर घटना को अंजाम दिया है।

उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात व्यक्ति को ढूंढ निकालने की मांग की है। नगर के लिंठ्यूडा क्षेत्र के रहने वाले जगदीश राम ने कोतवाली में तहरीर दी है।

तहरीर के अनुसार बीते गुरुवार को उनका बेटा गौरव कुमार स्कूटी संख्या यूके05डी9653 से अपने ननिहाल बांस गया। देर शाम स्कूटी सड़क किनारे खड़ी कर वह कुछ दूर स्थित अपने मामा के घर पहुंचा।

कुछ देर बाद स्कूटी के समीप आग जलता देखा। उसने मौके पर पहुंचकर देखा तो स्कूटी में आग लगी हुई थी। देखते ही देखते स्कूटी जलकर राख हो गई। इधर कोतवाल मोहन चंद पांडे का कहना है कि मामले में जांच चल रही है।

## गोर्वधन व अन्नकूट पूजन का आयोजन

रुद्रपुर। सनातन धर्म मंदिर में अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। गोवर्धन व अन्नकूट पूजन के दिन सनातन धर्म मंदिर में पूजा अर्चना की गयी। यहां गौशाला में लोगों ने गाय व गौवंशीय पशुओं को श्रद्धापूर्वक स्नानक कराकर तिलक कर पूजन किया। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा अर्चना कर घर परिवार की सुख स्मृद्धि की कामना की। मंदिरों में गोवर्धन पर्वत की कथा का वर्णन किया गया। माता अन्नकूट का भंडारा आयोजित हुआ। यहां शिव कुमार मित्तल, रोशन लाल अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, महेश मित्तल, रामराम सिंघल, राजेंद्र मित्तल, विनोद अग्रवाल, मनीष मित्तल, विनोद गोयल, दयाराम अग्रवाल, नत्थू गोयल, सौरभ सिंघल, सुरेश सिंघल, अमित गोयल, विशाल मित्तल, गोपाल मित्तल, चेतन सिंघल मौजूद रहे।

# पर्यावरण क्षेत्र में सराहनीय काम पर गुरुरानी सम्मानित

पिथौरागढ़। पर्यावरण के क्षेत्र में सराहनीय काम के लिए पूर्व विधायक चंद्रा प्रकाश पंत कुमाऊं मंडल विकास निगम के पर्यटक आवास गृह के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने उनके कार्यों की सराहना की।

कहा कि गुरुरानी जिस तरह से काम कर रहे हैं, यह सभी को प्रेरित करने वाला है।केएमवीएन के आवास गृह में हुए कार्यक्रम में पंत ने कहा कि पर्यावरण को लेकर सजग प्रयासों की जरुरत है। दिवाली जैसे पर्व पर हमें इसे और गंभीरता से समझना चाहिए। कहा कि छात्र छात्राओं में भी पर्यावरण की समझ पैदा करने के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष कोमल मेहता ने कहा कि गुरुरानी पूरे प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर रहे हैं। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गोपू महर, सौरव पंत,नीरज, सौरभ खोलिया, दीपक बिष्ट ,नरेंद्र थापा, हर सिंह सहित कई निगम कर्मी उपस्थित रहे।

## गोवर्धनपुर में विवाद टला, देश विरोधी नारे लगाने का आरोप

रुड़की। गोवर्धनपुर में बड़ा विवाद होने से टल गया। बस से जा रहे कुछ लोगों ने हाईवे पर बस रुकवाकर कथित तौर पर देश विरोधी नारे लगाए। इससे नाराज लोगों ने इकट्ठा होकर बस को घेर लिया। इस दौरान आरोपी बस लेकर निकल गए। खानपुर पुलिस 22 नामजद व 20 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। पुरकाजी–हरिद्वार हाईवे पर गोवर्धनपुर में बीती शाम लालचंदवाला संपर्क मार्ग की ओर से एक प्राइवेट बस हाईवे पर पहुंची।आरोप है कि बस में बैठे लोग देश विरोधी नारेबाजी करने लगे। बाद में लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और बस को घेर लिया। इस बीच बस में सवार लोग बस लेकर निकल गए। थाने में गोवर्धनपुर निवासी चरण सिंह पुत्र हट्टी सिंह की ओर से पुलिस को तहरीर दी। एसओ खानपुर अरविंद रतूड़ी ने बताया कि लालचंदवाला गांव के गुलजार, तस्लीम और गुलसनव्वर के खिलाफ राजद्रोह का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# वरिष्ठ प्रधानाध्यापक को दिया जाए उप शिक्षाधिकारी का चार्ज

विकासनगर। शिक्षकों ने लंबे से रिक्त पड़े उप शिक्षाधिकारी के पदों पर ब्लॉक के वरिष्ठ प्रधानाध्यापकों को तैनात करने की मांग की है। शिक्षकों का कहना है कि खंड शिक्षाधिकारी के पास माध्यमिक विद्यालयों से संबंधित प्रशासनिक कार्यों की अधिकता है, ऐसे में प्राथमिक शिक्षा को पर्याप्त समय नहीं मिल पाता है। इससे शिक्षकों और छात्रों से संबंधित समस्याओं का समय पर समाधान नहीं होता है। इसके साथ ही शिक्षा व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। शिक्षकों ने इस संबंध में शिक्षा महानिदेशक को ज्ञापन प्रेषित किया है। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष अनंत कुमार सोलंकी ने कहा कि विकासनगर ब्लॉक में 104 प्राथमिक और 34 जूनियर हाईस्कूल हैं। चकराता ब्लॉक में 160 प्राथमिक और 47 जूनियर हाईस्कूल, कालसी ब्लॉक में 150 प्राथमिक, 30 जूनियर हाईस्कूल, सहसपुर ब्लॉक में 165 प्राथमिक विद्यालय और 30 जूनियर हाईस्कूल हैं। इन विद्यालयों में करीब तीस हजार छात्र–छात्राएं अध्ययनरत हैं, जबकि डेढ़ हजार से अधिक शिक्षक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। करीब छह माह से प्रत्येक ब्लॉक में उप शिक्षाधिकारी का पद रिक्त है। सिर्फ एक ही अधिकारी के सहारे माध्यमिक और प्राथमिक शिक्षा की प्रशासनिक व्यवस्थाएं संचालित हो रही है। ऐसे में कई व्यवस्थाएं प्रभावित हो जाती हैं। कई बार समय पर सूचनाएं जिला मुख्यालय तक पहुंचने में व्यावहारिक परेशानियां आ जाती हैं। लिहाजा उप शिक्षाधिकारी की नियमित तैनाती होने तक प्रत्येक ब्लॉक में वरिष्ठ प्रधानाध्यापक को उप शिक्षाधिकारी का चार्ज दिया जाना चाहिए। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री कमल सुयाल, कोषाध्यक्ष मधु पटवाल, जूहा शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष सुरेश नौटियाल, चकराता ब्लॉक के पूर्व अध्यक्ष संतराम जिनाटा ने कहा कि ब्लॉक में एक ही अधिकारी के तैनात होने से कई व्यावहारिक परेशानियां भी आ रही हैं।

## डोर–टू–डोर पहुंच ग्रामीणों को दी विधिक जानकारी

अल्मोड़ा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से धौलादेवी ब्लॉक के बडियार रैत गांव में डोर–टू–डोर जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें पैरा लीगल वॉलिटिंयर नंदन सिंह ने ग्रामीणों को विधिक जानकारी दी। लोगों को आगामी 12 नवंबर को आयोजित होने वाली लोक अदालत के बारे में भी बताया। लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने की भी अपील ग्रामीणों से की।

# नैनीताल स्थित नैना देवी मंदिर पहुंची छड़ी यात्रा



हरिद्वार । श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े की पवित्र छड़ी नैनीताल स्थित माता नैना देवी के दर्शनों के लिए पहुंची। नैनीताल पहुंचने पर तहसीलदार नवाजिश, नायब तहसीलदार नंदन सिंह नेगी, पटवारी अमित शाह, पटवारी सुरेश सेमवाल, कोतवाल प्रताप सिंह, सीओ विभा दीक्षित ने प्रशासन की ओर से पवित्र छड़ी का स्वागत किया। पवित्र छड़ी नगर भ्रमण के पश्चात नैना देवी मंदिर पहुंची। भ्रमण के दौरान भारी संख्या में स्थानीय नागरिकों के साथ–साथ पर्यटकों ने भी छड़ी का स्वागत कर संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। नैना देवी मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात रात्रि विश्राम के लिए छड़ी गोठिया स्थित पायलट बाबा के आश्रम पहुंची। मंगलवार को प्रातः पवित्र छड़ी को आश्रम के संचालक श्रीमहंत सिद्धार्थ गिरि एवं श्री महंत मंगलगिरी ने छड़ी की पूजा अर्चना कर पूर्णागिरि माता के दर्शनों के लिए रवाना किया। छड़ी प्रमुख श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज के नेतृत्व में श्रीमहंत शिवदत्त गिरी, श्रीमहंत बिशंबर भारती, थानापति राजगिरी, महंत राजेंद्र गिरी, महंत मीठा गिरी, महंत केशवगिरी, महंत आदित्य गिरि, महंत केशवगिरी, महंत पशुपति गिरी, तूफान गिरि, महंत रतन गिरी, महंत पुजारी वशिष्ट गिरी, महंत कुश पुरी आदि साधुओं के जत्थे के साथ पवित्र छड़ी टनकपुर पहुँची। टनकपुर पहुंचने पर एसडीएम हिमांशु कपलथिया, तहसीलदार पिंकी आर्य, अमित जोशी ने प्रशासन की ओर से छड़ी का स्वागत किया ।

# सिमड़ी बस हादसे में प्रभावितों को वितरित की गई आर्थिक सहायता

### चार अक्टूबर को बीरोंखाल विकासखंड के सिमड़ी में हुई थी दुर्घटना



सिमड़ी बस दुर्घटना में घायल लोगों को चेक देते तहसीलदार विकास अवस्थी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः बीरोंखाल विकासखण्ड के अन्तर्गत सिमडी में बीते चार अक्टूबर को हुए बस दुर्घटना में घायलों व मृतकों के परिजनों को प्रशासन की ओर से अर्थिक मदद के चेक वितरित किए गए। दुर्घटना में 33 लोगों की मौत हुई थी। जबकि, 19 लोग घायल हो गए थे।

जिलाधिकारी डॉ0 विजय कुमार जोगदण्डे ने बताया कि दुर्घटना में घायलों तथा मृतकों के परिजनों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता वितरण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। शीघ्र ही सभी प्रभावितों घायलों व संबंधित परिजनों को आर्थिक सहायता का आंवटन कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन हादसे में पीड़ित परिजनों के साथ है। यदि किसी पीड़ित की कोई समस्या है तो वे संबंधित उपजिलाधिकारी अथवा स्वंय उनसे सम्पर्क अथवा मुलाकात कर अवगत करा सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि बस हादसे में घायलों को तत्काल हायर सेंटर रेफर कर आवश्यकतानुसार इलाज दिया गया है। उन्होंने बताया कि वे स्वंय आर्थिक सहायता मुआवजा वितरण की निगरानी कर रहे है। जिससे शीघ्र ही घायलों व मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता का आंवटन किया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि हादसे में मृतकों के परिजनों व घायलों को आर्थिक सहायता वितरित की जा रही है। जिस क्रम में चौबट्टाखाल तहसील के अंतर्गत तहसीलदार श्रेष्ठ गुनसोला ने ग्राम गडरी निवासी दिनेश सिंह की मृत्यु के उपरांत उनकी विधिक वारिसान पत्नी नीलम देवी को धनराशि एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया। जबकि कोटद्वार तहसील के अंतर्गत तहसीलदार विकास अवस्थी, संबंधित रजिस्ट्रार कानूनगो व पटवारियों के माध्यम से मृतकों के परिजनों को सहायता राशि वितरित की जा रही है। तहसीलदार विकास अवस्थी ने बताया कि आज शाम तक लगभग सभी परिजनों व घायलों को चेक वितरित कर लिये जायेगें।

यमकेश्वर तहसील के अन्तर्गत तहसीलदार मंजीत सिंह व राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा चेक वितरित किये जा रहे है।

उन्होंने बताया कि यमकेश्वर के अंतर्गत 05 मृतक आश्रितों व 03 घायलों को चेक वितरित किये जा रहे है जिन्हें आज शाम तक वितरित कर लिया जाएगा। तहसील जाखणीखाल के घायल व्यक्तियों व मृतकों के परिजनों को राजस्व विभाग की टीम द्वारा चेक वितरित किये जा रहे है।

## युवक से पर्स और मोबाइल की ठगी

रुड़की। युवक को साधु ने सम्मोहित कर पर्स और मोबाइल ठग लिया।

सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के दुर्गा कालोनी निवासी शुभम मेन बाजार की दुकान में काम करता है। मंगलवार की रात दुकान बंद होने पर वह पैदल घर जा रहा था। जैसे ही वह नगर निगम पुल के पास पहुंचा तो दो साधु मिले। उन्होंने शुभम को बताया कि वह दिल का बहुत अच्छा है। लेकिन लोग हमेशा उसका बुरा करते है। यह बात सुनकर शुभम झांसे में आ गया। साधुओं ने कहा उसका भाग्य उदय होने वाला है और जल्द मालामाल होगा।

फोन और पर्स लेकर आंख बंद करने के लिए कहा ठग ने शुभम से मोबाइल और पर्स देने के लिए कहा।

पांच कदम की दूरी चलने के लिए कहा। जिसके बाद पांच कदम की दूरी चलने के बाद शुभम ने आंखें खोली तो दोनों साधु वहां से रफूचक्कर हो गए। शुभम ने बताया कि बस में करीब डेढ़ हजार रुपए थे।

## गगवाडस्यूं में तीन से होगा बैकुंठ चतुर्दशी मेला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः गगवाडस्यूं घाटी के सिद्धपीठ श्री देवलेश्वर महादेव मंदिर बलोडी में होने वाले बैकुंठ चतुर्दशी मेले की तैयारियां तेज हो गई हैं।

पांच दिवसीय मेले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही खड़े दीये अनुष्ठान का भी आयोजन किया जाएगा। बताया कि खड़े दीये अनुष्ठान को लेकर पंजीकरण शुरू किए जा चुके हैं। हर साल आयोजित होने वाले इस मेले में स्थानीय ग्रामीणों के साथ ही प्रवासी भी बड़ी संख्या में हिस्सा लेते हैं।

समिति के सचिव जगतकिशोर बड़थ्वाल ने बताया कि सिद्धपीठ श्री देवलेश्वर महादेव मंदिर बलोडी गगवाडस्यूं मे 3 से 7 नवंबर तक बैकुंठ चतुर्दशी मेले का आयोजन किया जाएगा।

मेले के तहत 3 नवंबर को ग्राम सभा धनाऊं से शिवध्वजा प्रस्थान, शिवध्वजा का डडुवादेवी कुण्ड मे स्नान, मुख्य मार्ग से शिवध्वजा संचालन, मार्चपास्ट, झांकी, ग्राम सभा बौसरी द्वारा पुरानी शिवध्वजा उतरना, नई शिवध्वजा का पूजन एवं अर्पण, लोक कलाकार जीतेन्द्र चौहान व साथियों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। 4 नवम्बर को मंदिर पूजन, देवडोलियों का आगमन, स्थानीय शिक्षण संस्थानों द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम, 5 नवंबर को प्रसिद्ध गढवाली लोकगायक गजेंद्र राणा द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम, 6 नवंबर को विभिन्न खेलकूद प्रतियोगताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खड़े दिया करने वाले दंपतियों का स्वागत, महादेव दर्शन, दीयाबाती अनुष्ठान, लोक गायक दिनेश भारती व साथियो द्वारा भव्य रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा। 7 नवंबर को प्रातः स्नान, पूजन हवन, भोले का भंडारा, सम्मान समारोह, गगवाडस्यूं घाटी के कलाकारो द्वारा रंगारंग कार्यक्रम व देहरादून के कलाकारों द्वारा गढ़वाली व कुमाऊंनी प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

## कर्मचारियों ने रंगोली के माध्यम से मांगी पुरानी पेंशन




रुद्रप्रयाग। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा से जुड़े शिक्षक व कर्मचारियों ने अनेक रंगोलियों से पुरानी पेंशन की बहाली की मांग को जनता और सरकार के सम्मुख रखा। अंशदायी पेंशन के बदले पुरानी पेंशन बहाली की मांग सरकार की गई। संयुक्त मोर्चे के प्रांतीय आईटी सेल प्रभारी अवधेश सेमवाल ने कहा कि आज कर्मचारी दिवाली मना रहे हैं, किंतु भविष्य की दिवाली तो पुरानी पेंशन की बहाली से ही सम्भव है। हाल ही में पंजाब समेत अन्य राज्यों में भी पुरानी पेंशन बहाल हुई है। उत्तराखंड सरकार को भी जल्द पुरानी पेंशन बहाल कर देनी चाहिए। प्रदेश प्रवक्ता कमलेश कुमार मिश्रा ने दिवाली पर पुरानी पेंशन रंगोली कार्यक्रम के लिए प्रदेश के समस्त कार्मिकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। पुरानी पेंशन के संघर्ष को ईमानदारी से राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा की ओर गति दी जा रही है।

प्रदेश में 2005 से कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना को बंद कर दिया गया है। जिसके बाद एक नई पेंशन योजना लागू की गई है जिसमे सेवानिवृत्त होने के बाद कर्मचारियों को एक हजार रुपये प्रतिमाह से भी कम पेंशन मिल रही है। जिससे गुजारा करना कठिन है। ऐसी स्थिति में कर्मचारियों को छोड़ देने के बाद सरकार 15 सालों से कोई सुध नहीं ले रही है।

## युवक लापता

रुड़की। परिवार के साथ साबिर पाक की जियारत करने आया युवक गंग नहर में नहाते समय डूबकर लापता हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार मुजफ्फरपुर बिहार निवासी अली हुसैन (20) अपने परिवार के साथ साबिर पाक की जियारत करने के लिए कलियर आया हुआ था। बुधवार को वह गंगनहर में नहाते समय लापता हो गया।

डूब रहे युवक को देख आसपास के लोगों बचाने का प्रयास किया। लेकिन युवक लापता हो गया। पुलिस ने जल पुलिस और गोताखोरों की मदद से लापता युवक की गंगनहर में तलाश शुरू कर दी। थानाध्यक्ष मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि गंगनाहर में लापता हुए युवक की जल पुलिस और गोताखोरों की मदद से तलाश की जा रही है।

# प्राचार्य एवं डॉक्टरों ने निक्षय मित्र बनकर आठ क्षय रोगियों को गोद लिया



श्रीनगर गढ़वाल। क्षय रोगियों के लिए सामुदायिक सहायता और सामाजिक समर्थन के लिए निक्षय मित्र कार्यक्रम मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में भी शुरू कर दिया है। जिसके तहत मेडिकल के कॉलेज के प्राचार्य एवं डॉक्टरों ने निक्षय मित्र बनकर आठ क्षय रोगियों को गोद लिया है। ताकि गढ़वाल के साथ ही पूर्ण भारत 2024 तक टीबी मुक्त बन सके। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीएमएस रावत द्वारा खुद दो क्षय रोगियों को गोद लिया है। जबकि मेडिसिन विभाग के एचओडी डा. केएस बुटोला, कम्युनिटी मेडिसिन से डॉ. जानकी, डॉ. कैलाश गैरोला, डॉ. पुष्पेन्द्र, डॉ. सुमित, डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने एक–एक क्षय रोगियों को गोद लिया है। जो निक्षय मित्र बनकर क्षय रोगियों की काउंसलिंग, फ्लोअप व छह माह के ईलाज के समय पोषणयुक्त आहार प्रदान करने में मदद करेगे। कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि निक्षय मित्र योजना एक तरह से टीबी रोग से पीड़ति लोगों को गोद लेने की योजना है। इस योजना के तहत कोई भी सामान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दल, गैर सरकारी संस्थान, कॉर्पोरेट संस्थान टीबी के मरीज को गोद ले सकता है। इस अभियान के तहत व्यवस्था की गई है कि निक्षय मित्र बनने वाला व्यक्ति या संस्था कम से कम एक वर्ष के लिए और अधिक से अधिक तीन साल के लिए किसी गांव, वार्ड, पंचायत, ब्लॉक या जिले के किसी टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें भोजन, पोषण, आजीविका के स्तर पर जरूरी मदद उपलब्ध करा सकते हैं। ताकि भारत देश 2024 तक टीबी मुक्त देश बने और भारत का हर व्यक्ति स्वस्थ्य हो।

# थराली हादसे में घायल युवक का बेस अस्पताल में सफल ऑपरेशन



श्रीनगर गढ़वाल। चमोली के जिले के थराली क्षेत्र में मकान ढ़हने से चार लोगों की मौत हो गयी थी, जबकि 14 वर्षीय घायल योगेश सती को बेस चिकित्सालय में इलाज हेतु भर्ती किया गया था। जिसके पैर पर गंभीर चोट आयी। स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने भी घायल युवक के हाल–चाल जानने के लिए बेस चिकित्सालय पहुंचे थे।

बेस अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. ललित पाठक द्वारा युवक का सफल ऑपरेशन कर मरीज को राहत दी है। थराली हादसे में घायल योगेश सती के पैर पर गंभीर चोट लगने पर स्वास्थ्य मंत्री के सम्मुख हड्डी रोग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. ललित पाठक द्वारा घायल का यथासंभव इलाज की हामी भरते हुए स्वास्थ्य मंत्री को इलाज का भरोसा दिया था। जिसके बाद डा. पाठक द्वारा मरीज के पैर पर हुए घाव को ठीक होने के बाद युवक का सफल ऑपरेशन कर दिया है। जिसके बाद उसके साथ पहुंचे परिजनों ने डॉक्टरों का आभार प्रकट किया है। यदि घायल को दून या एम्स भेजते तो ऐसी स्थिति में परिजनों को काफी परेशान रहना पड़ता था, किंतु श्रीनगर बेस चिकित्सालय में ही इलाज संभव होने पर परिजनों ने डॉक्टरों का आभार प्रकट किया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा. सीएमएस रावत ने कहा कि थराली के घायल युवक का सफल ऑपरेशन कर डा. पाठक ने बेहतर उदाहरण पेश किया है। साथ ही स्वास्थ्य मंत्री को दिये गये वादे को पूर्ण कर बेस अस्पताल का सम्मान बढ़ाया है।

## चार लोग गिरफ्तार

रुड़की। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक मकान में छापा मारकर गोकशी के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 305 किलो मांस बरामद किया है। कलियर थाना प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि थाना क्षेत्र में गोकशी की रोक थाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कलियर के जवाई खेड़ा में एक मकान पर छापा मारा। इस दौरान गोकशी के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया। मौके से पुलिस ने 305 किलो मांस और उपकरण बरामद किए। पुलिस ने शहीद, नोमान, निवासी जमाई खेड़ा, कलीम निवासी इमाम सहाब रोड कलियर व आमिर निवासी ग्राम शहीद चौक खालापार थाना सिविल लाइंस मुजफ्फर नगर के खिलाफ गोवंश संरक्षण अधिनियम के तहत मुकमा दर्ज कर लिया है।

## श्रद्धापूर्वक मनाया ब्रह्मलीन शंकराचार्य का निर्वाण दिवस



ऋषिकेश। ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी माधवाश्रम महाराज का पांचवां निर्वाण दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। संतों ने निर्वाण दिवस पर पूजा अर्चना कर उन्हें याद किया। बुधवार को मायाकुंड स्थित श्रीजनार्दन आश्रम शंकराचार्य समाधि स्थल पर संतों ने विधि विधान से पूजन किया। शंकराचार्य भगवान की पादुका का पूजन आचार्य मुकुंद शास्त्री, आचार्य मणिराम पैन्यूली, आचार्य डॉ. जनार्दन कैरवान द्वारा संपादित किया गया। ब्रह्मलीन शंकराचार्य मधावाश्रम के शिष्य केशवस्वरूप ब्रह्मचारी ने कहा कि गुरुदेव ने आजीवन सनातन धर्म की रक्षा के लिए कार्य किया है, उनका ध्येय यही था कि गो, गंगा और गायत्री की उपासना होती रहे। हम भी उनके बताए गए सद्मार्ग पर चलने का प्रयास करते हैं। इस दौरान हरियाणा, हिमाचल, पंजाब, दिल्ली, उत्तराखंड आदि जगहों से आए भक्तों ने गुरु की समाधि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर दंडी स्वामी विज्ञानानंद तीर्थ महाराज, आशीष ब्रह्मचारी, श्रीमहंत अभय चैतन्य, हर्षमनी पैन्यूली, गंगाराम व्यास, महेश चमोली, जितेंद्र प्रसाद भट्ट, पुरुषोत्तम रणकोटी, महेश चमोली, आशाराम व्यास आदि उपस्थित रहे।

# अवैध रूप से चाकू रखने के आरोप में दो गिरफ्तार




हरिद्वार । थाना कनखल की जगजीतपुर पुलिस चौकी टीम ने रात्रि चेकिंग के दौरान दो व्यक्तियों को अवैध रूप से चाकू रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। बीती रात चौकी इंचार्ज एसआई खेमेंद्र गंगवार सहयोगी पुलिसकर्मियों कांस्टेबल रविन्द्र तोमर व रविन्द्र प्रसाद के किशनपुर चौराहे के पास चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान दो लोगों नदीम व रवि निवासी ग्राम किशनपुर की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से चाकू बरामद हुए। अवैध रूप से चाकू रखने के आरोप में पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज किया गया है।

## जौली ग्रांट एयरपोर्ट का नाम शंकराचार्य के नाम से करने की मांग

रुड़की। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्र आनंद गिरि महाराज ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर जौलीग्रांट एयरपोर्ट का नाम आद्य जगत गुरु शंकराचार्य के नाम पर किए जाने की मांग उठाई।

महामंडलेश्वर ने कहा कि शंकराचार्य का सनातन हिंदू संस्कृति में विशिष्ट स्थान है।

संतों के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से मुलाकात कर उनको भी इस बारे में पत्र दिया गया।

मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि राज्य सरकार इस मामले में प्रस्ताव पास कर केंद्र को भेजेगी। महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्र आनंद गिरि महाराज ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड शंकराचार्य की आध्यात्मिक भूमि रही है।

राज्य के एकमात्र एयरपोर्ट का नाम आद्य शंकराचार्य के नाम करने के साथ उनकी विशालकाय प्रतिमा भी स्थापित की जाए।

# धूमधाम से शुरू हुआ कांडा मेला



श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर के कोट ब्लाक के देहलचौरी स्थित मंजूघोषेश्वर महादेव मंदिर में लगने वाले कांडा मेला बुधवार को धूमधाम से शुरू हुआ। पूजा–अर्चना के साथ मंदिर के द्वार सुबह साढ़े सात बजे भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिये गए। जबकि कांडा गांव से डोली पहुंचकर मंदिर की परिक्रमा की गई। कांडा मेले को लेकर पहले दिन ही बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर मंजूघोषेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन किये। पहले दिन के कांडा मेले में विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों द्वारा निशाण चढ़ाये गये। दीपावली के अगले दिन शुरू होने वाले कांडा मेला इस बार दीपावली के दूसरे दिन शुरू हुआ। सूर्यग्रहण के चलते मंदिर समिति द्वारा भैयादूज के पर्व पर मेला शुरू किया गया। भैयादूज की छुट्टी होने पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग कांडा मेला देखने के लिए पहुंचे। मान्यता है कि कामदाह पर्वत पर माता चन्द्रबदनी की छोटी बहन मंजूमति तपस्या में लीन थी, जिसे दो राक्षसों द्वारा भंग करने की कोशिश की गई, जिस पर शिवजी ने मां काली का आह्वान कर मंजूमति के रूप में उनका वध किया। मंदिर में लगने वाले मेले में भक्त भक्तिमय देवधुनों पर थिरकते हुए देवी पर ध्वजारूपी निशाण चढ़ाकर वापस लौट जाते हैं। इस दौरान जब सारे गांवों के ग्रामीण निशाणों को लेकर झूमते गाते मंदिर में पहुंचते हैं तो माहौल देवमय हो जाता है।

## भाई और भतीजे पर संपत्ति बेचने का आरोप

रुड़की। एक व्यक्ति का आरोप है कि भाई और भतीजे ने साठ–गांठ कर उसके नाम की दुकानों और मकान को अन्य व्यक्तियों को बेच दिया है। पीड़ित ने एसडीएम और एसपी देहात को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।


[illegible]

(मुरादाबाद मण्डल)

निविदा सूचना

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | धरोहर राशि (रु.) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम् कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 26/ [illegible] /2022 [illegible] | 77,42,303.88 ([illegible]) | [illegible] मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 1,54,900.00 | 30 ([illegible]) माह | निविदायें दिनांक 18.11.2022 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15.00 बजे खोली जायेगी। | वेबसाइट: www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय/ उत्तर रेलवे मुरादाबाद |

निविदा सूचना सं. : 27/2022 दिनांक : 25.10.2022 2865/2022

[illegible]

## सम्पादकीय

# चुनावों में धर्म का पत्ता

किसी भी राज्य में चुनाव हो तो नेताओं के नए-नए बोल और लुभावने वादे भी वीडियो में सुर्खियों का केंद्र बनते हैं। फिलहाल देश में गुजरात एवं हिमाचल प्रदेश के चुनावों को लेकर सरगर्मियां शुरू हो चुकी हैं। इनमें सबकी नजर गुजरात चुनाव को लेकर है जहां आम आदमी पार्टी ने भी अपनी पैठ जमाने की कोशिश शुरू कर दी है। अरविंद केजरीवाल ने अपना पूरा फोकस फिलहाल गुजरात चुनाव में लगा लिया है और हिमाचल प्रदेश की तरफ उनकी सक्रियता नजर नहीं आ रही है। माना जा रहा है कि वह अपने तेवरों से सीधे-सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अमित शाह के साम्राज्य पर सेंध लगाना चाहते हैं। अपने इन प्रयासों में वह कहीं ना कहीं असरदार भी नजर आए हैं और गुजरात भाजपा आम आदमी पार्टी की उपस्थिति से खुद को थोड़ा असहज भी महसूस कर रही है। इधर अरविंद केजरीवाल ने धार्मिक भावनाओं को भुनाने का प्रयास किया है और ऐसी बात कही है जो देखते ही देखते पूरे देश में चर्चाओं का केंद्र बन गई। अरविंद केजरीवाल ने भारतीय मुद्रा पर ष्महात्मा गांधीष की तस्वीर के साथ ष्लक्ष्मी गणेशष की फोटो भी लगाने की बात कही है और कहां है कि ऐसा करने से देश में तरक्की और समृद्धि आएगी। निश्चित तौर पर ऐसा होना संभव नहीं है, लेकिन अरविंद केजरीवाल राजनीति के वे सभी अवसर कैश करना जानते हैं जो अब तक राजनीति के धुरंधर करते आते थे। अरविंद केजरीवाल के नए-नए प्रयोगो से ना केवल भाजपा, बल्कि कांग्रेस भी परेशान नजर आई है। दिल्ली एवं पंजाब के चुनाव में अरविंद केजरीवाल की इन्हीं लच्टेदार बातों ने भाजपा और कांग्रेस का सुपड़ा साफ कर दिया तो अब गुजरात में भी में कोई बड़ा चमत्कार करते हैं तो हैरानी नहीं होनी चाहिए। भारत में धार्मिक विषयों के आधार पर जनता को लुभाने का क्रम चलता आया है भले ही चुनाव परिणामों के बाद कोई इन पर अमल करें या ना करें। गुजरात में भी अरविंद केजरीवाल का भारतीय मुद्रा पर लक्ष्मी-गणेश की फोटो छापने का मुद्दा केवल एक राजनीतिक स्टंट मात्र है और वह भी इस बात से अनभिज्ञ नहीं होंगे कि ऐसा करना संभव नहीं है फिर चाहे केंद्र में सरकार भाजपा की हो या फिर खुद आम आदमी पार्टी की। यह मुद्दा पूरी तरीके से लोगों की धार्मिक भावनाओं को भुनाने का एक प्रयास मात्र है जिसे अरविंद केजरीवाल ने मुफ्त की बिजली पानी की चासनी में लपेट कर पेश करने की कोशिश की है। फिलहाल तो गुजरात विधानसभा के चुनाव परिणाम आने के बाद ही यह निश्चित हो पाएगा की अरविंद केजरीवाल का यह शिगूफा कितना कारगर साबित हुआ, या फिर अभी भी गुजरात में मोदी-शाह की जोड़ी अपना असर छोड़ने में कामयाब रही है।

# कांग्रेस के लिए मीडिया है सांस!

**शकील अखतर**

सब जानते हुए भी एक बार कोई यह नहीं कहेगा कि कांग्रेस के चुनाव दूसरी सभी पार्टियों से अलग, उचित तौर तरीके से होते हैं या हो रहे हैं। मीडिया से कोई यह नहीं कह रहा कि भाजपा भी ऐसे संगठन चुनाव करके बताएं। भाजपा में ऐसे कभी नहीं हो सकत और न हो रहे है। मगर इतना तो कह सकता है कि कांग्रेस के इन चुनावों में हमने अपने सबसे छिद्रान्वेषी रिपोर्टरों को लगाया मगर वे भी कोई कमी नहीं ढूंढ पाए। लेकिन मीडिया सास बना हुआ है। कुछ न कुछ तो कहना है। तो कह रहा है कि ज्क़

कांग्रेस की अग्नि परीक्षा ली जा रही है। मगर उसमें खरा उतरने पर भी क्लीन चिट की कोई संभावना नहीं है। कांग्रेस के अध्यक्ष पद का चुनाव इतना विधिवत, पारदर्शी हो रहा है कि उसमें नियमों के स्तर पर कोई एक गलती भी नहीं निकाल पा रहा है। कांग्रेस के ही जो नेता चुनाव प्रक्रिया और मतदता सूचि पर सवाल उठा रहे थे वे भी कांग्रेस मुख्यालय आकर खडगे के समर्थन में नामांकन पत्र पर प्रस्तावक बन गए। मगर सवाल है कि खत्म नहीं हो रहे।

क्यों? क्योंकि खुद कांग्रेस के नेताओं सहित, विरोधी भाजपा, अन्य विपक्षी दल और मीडिया ने उसे साफ्ट टारगेट ( कमजोर, प्रतिरोध न करने वाला) समझ लिया है। यह कांग्रेस की अपनी कमी है। अति उदारवाद, आदर्श से यह स्थिति बनी है। समाज में उतना ही आदर्शवाद चलता है जितना समाज में खुद होता है। मगर राहुल गांधी इस बात को समझने को तैयार नहीं हैं।

वे गांधी जी वाले सिद्धांत पर काम कर रहे हैं। कि जितना मैं सत्यनिष्ठ हूं उतना ही सब को बनाऊंगा। लेकिन सामान्य मानव में परिवर्तन की गति बहुत धीमी है। और इसीलिए आदर्श और यथार्थ के बीच गहरी खाई है। मगर उसे ऐसा ही नहीं छोड़ा जा सकता। इसलिए दुनिया भर में नेता, दार्शनिक, लेखक, विचारक इसे भरने की कोशिश करते रहते हैं। सुकरात की तरह जहर पीकर भी।

राहुल को आप किसी भी श्रेणी में न रखें। मगर वे एक सबसे नए अध्येता और पथिक के तौर पर यह काम लगातार कर रहे हैं। 18 बरस से। उन्होंने यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई के आंतरिक चुनाव पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त लिंगदोह की देखरेख में करवाए। अभी भी अगर इस चुनाव आयोग की विश्वसनीयता वैसी ही होती तो राहुल जरूर कहते हैं कि उन्हें अपना एक पर्यवेक्षक कांग्रेस के इस चुनाव में भेजना चाहिए। मगर आज तो हालत यह है कि अगर पर्यवेक्षक आया तो वह अपने साथ ईवीएम भी लेता आएगा। और साथ में फरमान भी की किस को जिताना है।

तो खैर यह सब कांग्रेस की अपनी कमजोरी की वजह से है। नहीं तो एक समय ऐसा था कि जब इन्दिरा गांधी ने कहा नहीं, मगर संदेश यह गया कि इन्दिरा जी ऐसा चाहती हैं तो बाल ठाकरे खुद मुम्बई आकाशवाणी जाकर इन्दिरा जी का समर्थन करके आए। 1975 में। राजनीति ऐसे ही होती है। आप जब कुछ करते हैं तो जाहिर है उसका समर्थन

**कांग्रेस की तो हर बात पर शक। लोग कहते हैं उसी को आधार बना लेते हैं। ऐसे ही लोगों के कहने पर सीता को अग्नि परीक्षा में खरा उतरने के बावजूद लोकलाज में वन भेजना पड़ा था। कांग्रेस भी बाकायदा सूचना देकर, नोटिफिकेशन निकालकर, इलेक्शन अथारटी बनाकर चुनाव करवा रही है। और पहली बार नहीं। हर बार ऐसे ही करवाएं हैं। ये आज जो पत्रकार किसी ने किसी कमी को सूंघने के लिए रोज इलेक्शन अथारटी के दफ्तर के आसपास चक्कर लगाते हैं वही हैं जिन्होने 2017 के भी कांग्रेस के चुनाव कवर किए थे। मगर उस समय भी कुछ नहीं निकला। और इससे पहले जब सोनिया के खिलाफ जितेन्द्र प्रसाद लड़े। मतदान हुआ तब भी। न इससे पहले सीताराम केसरी के खिलाफ जब शरद पवार और राजेश पायलट लड़े तब भी। यह सब 25- 30 साल के बीच की घटनाएं हैं। तमाम पत्रकार मौजूद हैं। मगर किसी एक की भी आंखों देखी गवाही यह मीडिया नहीं दिला सकता की गड़बड़ी हुई।**

चाहते हैं। और उसके लिए प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष प्रयास भी करते हैं। ऐसा नहीं होता कि आप कोई फैसला लें और उसे हवा में छोड़ दे कि जो करे (समर्थन) उसका भी भला और जो न करे उसका भी भला।

राहुल की भलमनसाहत की राजनीति देश में एक बिल्कुल नया प्रयोग है। कड़ी मेहनत, मजबूत इरादे और नई पहल करने के दुस्साहस की हद तक। समय बताएगा इसके नतीजों को। मगर एक बात राहुल को याद रखना चाहिए कि वे राजनीति में काम कर रहे हैं। और एक पार्टी के साथ। उनका हर फैसला पार्टी पर प्रभाव डालेगा और साथ ही उसके हजारों नेताओं और कार्यकर्ताओं के राजनीतिक जीवन पर भी।

यहां जनता का मुद्दा अलग है। क्योंकि उसे ऐसे विरल, विकट नेताओं से हमेशा फायदा ही होता है। सत्ता उनके डर से जनता की तरफ ज्यादा आती है। मगर पार्टी को भी मजबूत होना चाहिए। एक भी रहना चाहिए। टूट से हर एक को खतरा लगना चाहिए कि पार्टी की टूट उन्हें भी कमजोर करेगी। खूंटा (केन्द्र) इतना मजबूत होना चाहिए कि उससे अलग हो जाने के बाद अहसास हो कि हम कहीं के नहीं रहे।

लालू प्रसाद यादव ने यह राजनीति करके दिखाई है। नीतीश को वापस लौटना पड़ा। यह कोई छोटी घटना नहीं है। मोदी जैसी ताकतवर सत्ता को छोड़कर वापस आना बहुत हिम्मत का काम है। और यह हिम्मत नीतीश को लालू के साथ हमेशा खड़ी जनता से मिली। मोदी राज में लालू ने आठ साल में दो बार सरकार बना ली। उधर दूसरी तरफ करीब करीब उसी रूप के दूसरे राज्य उत्तर प्रदेश में अखिलेश लगातार दूसरी बार हार गए। यह तुलना



इसलिए कि अखिलेश की पार्टी का आधार भी करीब करीब लालू की पार्टी जैसा ही है। मगर फर्क दोनों के साहस और खतरे लेने की क्षमताओं पर है। लालू इतने लंबे जेल के बाद भी नहीं डरे। मगर मुलायम और अखिलेश मुकदमे चलने की संभावनाओं से ही डर गए।

लालू का अस्तित्व अभी भी बना हुआ है। और उम्र, बीमारियों, वापस जेल जाने की आशंकाओं के बावजूद और मजबूत होता जा रहा है। आज विपक्ष की एकता की वे धूरी बन रहे हैं। यह सब क्यों? इसकी एक ही वजह है कि वे अनर्गल आलोचनाओं की परवाह नहीं करते। उनका उसी भाषा में जवाब देते हैं। भाजपा और संघ को इतना तुर्की ब तुर्की जवाब किसी और ने नहीं दिया होगा। इसलिए भाजपा, संघ और मीडिया भी उन पर इस तरह हमले नहीं करती जैसा कांग्रेस पर करती रहती है।

कांग्रेस की तो हर बात पर शक। लोग कहते हैं उसी को आधार बना लेते हैं। ऐसे ही लोगों के कहने पर सीता को अग्नि परीक्षा में खरा उतरने के बावजूद लोकलाज में वन भेजना पड़ा था। कांग्रेस भी बाकायदा सूचना देकर, नोटिफिकेशन निकालकर, इलेक्शन अथारटी बनाकर चुनाव करवा रही है। और पहली बार नहीं। हर बार ऐसे ही करवाएं हैं। ये आज जो पत्रकार किसी ने किसी कमी को सूंघने के लिए रोज इलेक्शन अथारटी के दफ्तर के आसपास चक्कर लगाते हैं वही हैं जिन्होने 2017 के भी कांग्रेस के चुनाव कवर किए थे।

मगर उस समय भी कुछ नहीं निकला। और इससे पहले जब सोनिया के खिलाफ जितेन्द्र प्रसाद लड़े। मतदान हुआ तब भी। न इससे पहले सीताराम केसरी के खिलाफ जब शरद पवार और राजेश पायलट लड़े तब भी। यह सब 25- 30 साल के बीच की घटनाएं हैं। तमाम पत्रकार मौजूद हैं। मगर किसी एक की भी आंखों देखी गवाही यह मीडिया नहीं दिला सकता की गड़बड़ी हुई। मगर सब जानते हुए भी एक बार भी यह नहीं कहेगा कांग्रेस के चुनाव दूसरी सभी पार्टियों से अलग, उचित तौर तरीके से होते हैं। या हो रहे हैं। मीडिया से कोई यह नहीं कह रहा कि कहे कि भाजपा में ऐसे चुनाव नहीं हो सकते। नहीं हुए कभी। मगर इतना तो कह सकता है कि

कांग्रेस के इन चुनावों में हमने अपने सबसे छिद्रान्वेषी रिपोर्टरों को लगाया मगर वे भी कोई कमी नहीं ढूंढ पाए।

लेकिन मीडिया तो सास बना हुआ है। कुछ न कुछ तो कहना है। तो कह रहा है कि केरल के कांग्रेस अध्यक्ष थरुर के विरोधी! अरे भैया केरल के सांसद (थरुर) चुनाव लड़ रहे हैं। और आप वहां के प्रदेश अध्यक्ष से चाहते हैं वह चुप रहे! उसे बताना तो पड़ेगा कि थरुर को लोकसभा के लिए टिकट देने की अनुशंसा जरूर प्रदेश कांग्रेस ने की थी। मगर अध्यक्ष का चुनाव लडने के बारे में उन्होंने हमसे कोई बात नहीं की। अगर कोई यह कह रहा है कि हमारी सहमति से लड़ रहे हैं तो यह गलत बात है। मीडिया कह रहा है कि वे कैसे कह सकते हैं? अरे भाई चुनाव हैं। कोई कानून थोड़ी है कि कोई कुछ बोलेगा ही नहीं। कांग्रेस ने एक एडवाइजरी इश्यू की है। कोई कांग्रेस संविधान में नहीं लिखा कि अगर कोई प्रत्याशी गलत इम्प्रेशन देता है तो उसके राज्य की प्रदेश कमेटी कुछ नहीं कहेगी।

मीडिया खुले आम थरुर का प्रचार कर रहा है। अखघ्बार में फोटो छापता है तो पहले थरुर का फिर खडगे का। कोई उनसे पूटे कि भाजपा सरकार की कोई उपलब्धि बताने वाली खबर के साथ वे पहले गडकरी का, फिर राजनाथ का, फिर अमित शाह का और अंत में मोदी का छाप सकते हैं? क्या रिएक्शन होगा यह बताने की जरूरत है? मगर कांग्रेस में तो किसी को भी किसी पर प्रमुखता दे सकते हैं। यहां कोई डर नहीं है। इसलिए प्रीत तो छोडिघ्ए कोई नियम भी नहीं है। कांग्रेस को अपनी इस छवि को तोडना होगा कि जो चाहे वह कुछ भी कह सकता है। उसे सख्ती से बताना होगा कि जितनी टूट आप भाजपा से ले सकते हैं। सिर्फ उतनी ही। एक इंच भी ज्यादा नहीं। तभी राहुल की, कांग्रेस की इमेज दोबारा बनेगी।

नहीं तो कांग्रेस के चुनाव हो जाएंगे। यात्रा हो जाएगी। मगर मीडिया का रवैया नहीं बदलेगा। गए आठ साल बीति! दशहरे का दिन है। कांग्रेस को याद रखना चाहिए। जो राम ने कहा था विनय न मानत जलधि जड़, गए तीनि दिन बीति। बोले राम सकोप तब भय बिनु होई न प्रीति॥

# थरूर को कैसे मिले इतने वोट?

कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में मल्लिकार्जुन खडगे को चुनौती देने वाले शशि थरूर को 1,072 वोट मिले हैं। कुल 93 सौ के करीब वोट पड़े थे, जिसमें से 419 वोट अवैध हो गए और 7,897 वोट खडगे को मिले। अगर संख्या देखें तो शशि थरूर को 1997 में शरद पवार को मिले वोट से ज्यादा वोट मिले हैं। हालांकि प्रतिशत के हिसाब से दोनों को 12 फीसदी के करीब वोट मिले हैं। यह भी मामूली बात नहीं है कि शशि थरूर ने 12 फीसदी वोट हासिल किया। सबको पता है कि वे शरद पवार की तरह लोकप्रिय नहीं हैं और न उनकी तरह साधन संपन्न हैं। साथ ही किसी एक राज्य या समाज की अस्मिता उनसे नहीं जुड़ी है। इसके बावजूद उन्होंने पवार के बराबर वोट हासिल किया।

तभी सवाल है कि थरूर को इतने वोट कैसे मिले? इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि सोनिया और राहुल गांधी ने उनका विरोध नहीं किया था। यह सबको पता है कि मल्लिकार्जुन खडगे परिवार के आधिकारिक उम्मीदवार थे, भले इसकी घोषणा नहीं की गई थी। लेकिन जैसे खडगे के आधिकारिक उम्मीदवार होने की घोषणा नहीं की गई थी उसी तरह थरूर के विरोधी होने की भी घोषणा नहीं की गई थी। उनके बारे में यह मैसेज बनने दिया गया था कि वे भी आलाकमान के ही उम्मीदवार हैं। एक स्तर पर उनकी प्रक्सी उम्मीदवार की छवि बनाई गई थी।

यहां तक कि जब कांग्रेस ने निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए यह निर्देश दिया कि पार्टी का कोई पदाधिकारी अगर किसी उम्मीदवार का समर्थन करना चाहता है तो उसे पद से इस्तीफा देना होगा, तब भी चुनाव के बीच शशि थरूर को रसायन व उर्वरक मंत्रालय की संसदीय समिति का अध्यक्ष बनाया गया। वे पहले आईटी मंत्रालय की कमेटी के अध्यक्ष थे लेकिन उस कमेटी का अध्यक्ष शिव सेना के एकनाथ शिंदे गुट के नेता को बना दिया गया। बदले में कांग्रेस को रसायन व उर्वरक मंत्रालय दिया गया, जिसे लेने में कांग्रेस शुरू में हिचक रही थी। लेकिन उसने अंत में इसे स्वीकार किया और थरूर को इसका चेयरमैन बनाया। इससे यह मैसेज गया कि थरूर भी आलाकमान के गुडबुक में हैं। सो, इस वजह से उनको कई जगह वोट मिल गए।

दूसरा कारण यह है कि हर राज्य में कुछ असंतुष्ट नेता हैं। प्रदेश में पार्टी के नेतृत्व से नाराज और असंतुष्ट नेताओं ने शशि थरूर को वोट किया। उनको आलाकमान या खडगे से कोई शिकायत नहीं भी रही है तो प्रदेश के नेताओं की खुन्नस में उन्होंने थरूर को वोट किया। तीसरा कारण कांग्रेस के युवा डेलिगेट्स का है, जो सच में बदलाव चाहते थे। ऐसे लोगों की संख्या बहुत कम है लेकिन उन्होंने अपनी प्रतिबद्धता के तहत थरूर को वोट किया। पवार को जहां एकमुश्त मराठा वोट मिला था उस तरह एकमुश्त वोट थरूर को कहीं से नहीं मिला, बल्कि हर राज्य में थोड़े थोड़े वोट उनको मिले, जिससे वे एक हजार से ज्यादा वोट हासिल करने में कामयाब रहे।

# कई पोषक गुणों से समृद्ध होता है आइस एप्पल

दक्षिण भारत के अत्यधिक लोकप्रिय फलों में से एक आइस एप्पल पौष्टिक फल है जिसे तमिल में टडगोला कहा जाता है। यह एक नारियल जैसा फल है जो अंदर से बर्फ की तरह लगता है। यह रसदार फल फाइटोन्यूट्रिएंट्स, कार्ब्स और कैल्शियम जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसके अतिरिक्त, यह कम कैलोरी वाला फल हाइड्रेटिंग और कूलिंग गुणों से भी समृद्ध होता है। आइए जानते हैं कि आइस एप्पल के सेवन से क्या-क्या फायदे मिलते हैं। आइस एप्पल एंटी-इंफ्लेमेटरी और कूलिंग गुणों से भरपूर होता है जो त्वचा के लिए बहुत अच्टे होते हैं। ये गुण त्वचा की सूजन को दूर करने समेत दानों और चकत्ते का इलाज कर सकते हैं। इसमें मौजूद फाइटोकेमिकल्स कोलेजन का उत्पादन भी बढ़ाते हैं और हानिकारक मुक्त कणों से लडने में मदद करते हैं। खुजली को शांत करने के लिए आप अपनी त्वचा के प्रभावित हिस्से पर आइस एप्पल के गूदे को भी लगा सकते हैं।

अगर आप अपना वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं तो अपनी डाइट में आइस एप्पल को जरूर शामिल करें। इस स्वास्थ्यवर्धक फल में उच्च पानी की मात्रा आपके पेट को लंबे समय तक भरा रखती है जिससे आप अनहेल्दी चीजों के सेवन से खुद को बचा सकते हैं। इस फल में कैलोरी भी कम होती है जो वजन घटाने में मदद करती है। इसमें मौजूद डाइटरी फाइबर पाचन प्रक्रिया को स्वस्थ रखने में भी मदद करता है।

### मधुमेह को करे नियंत्रित


कार्ब्स में कम और विटामिन और खनिजों से भरपूर आइस एप्पल का सेवन मधुमेह रोगियों के लिए भी सुरक्षित है। इसमें मौजूद पोटेशियम की उच्च मात्रा इंसुलिन के बढ़े हुए उत्पादन को नियंत्रित करती है जिससे ब्लड शुगर का स्तर कम होता है। एक अध्ययन के अनुसार, जिन मधुमेह रोगियों ने आइस एप्पल खाएं, उन्होंने अपने ब्लड शुगर के स्तर में कमी का अनुभव किया। रोजाना सुबह इसका सेवन करने से आपका संपूर्ण स्वास्थ्य बेहतर हो सकता है।

आइस एप्पल बालों का रूखापन और बेजानपन कम करके इन्हें मुलायम, स्वस्थ और चमकदार बना सकता है। यह एक प्रातिक कंडीशनर के रूप में कार्य करता है और आपके बालों को मजबूत करने में मदद करता है। यह बालों से संबंधित समस्याओं जैसे स्प्लिट एंड्स, सन डैमेज, जल्दी गंजापन और बालों का समय से पहले सफेद होना कम करने में भी मदद करते हैं। इसकी मदद से बालों का झडना भी कम होता है।

अगर किसी भी कारण आप खुद में डिहाइड्रेशन और कम ऊर्जा महसूस करें तो उस दौरान आइस एप्पल का सेवन जरूर करें। इससे आपके शरीर पर कूलिंग प्रभाव पड़ेगा और प्रातिक रूप से डिहाइड्रेशन का इलाज होगा। इन फलों में पोटेशियम और सोडियम की उच्च मात्रा शरीर में द्रव और इलेक्ट्रोलाइट के संतुलन को बनाए रखने में भी मदद करती हैं।

# हिजाब पर एक मत नहीं

**अजय दीक्षित**



हमारा एक ही देश है । एक संविधान है । सभी के लिए एक ही कानून है । अदालत की व्यवस्था भी समान है, लेकिन दो सुप्रीम न्यायाधीशों के एक ही विषय पर फैसला अलग बंटे हुए हैं । यह हैरानी की बात नहीं है, न्यायिक अनिश्चितता की स्थिति है । न्यायाधीशों की बंटी राय के आधार कानून की अलग-अलग व्याख्या न्यायाधीशों के विवेक और विशेषाधिकार हो सकते हैं । इसी बहस के दौरान मुद्दा सामने आया कि अदालतों को धार्मिक गुत्थियों की व्याख्या नहीं करनी चाहिए। अदालतों को धर्मनिरपेक्ष करार दिया गया है, लिहाजा के धर्म के किसी एक पक्ष पर अपना अभिमत नहीं दे सकतीं । अयोध्या विवाद के दौरान भी यह मुद्दा उभरा था । यदि किसी जगह संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन किया जाता है, तो अदालत का हस्तक्षेप स्वाभाविक है । आखिर यह कौन तय करेगा कि अमुक धार्मिक मुद्दे पर अदालत मामले की सुनवाई से ही इंकार कर दे अथवा मामले की न्यायिक समीक्षा की जाए ? सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने राम मन्दिर पर भी फैसला सुनाया था और तीन तलाक पर भी न्यायिक व्याख्या की थी । दोनों पर कानूनन फैसले दिये जा चुके हैं, जो लागू भी हैं । अब हिजाब का मुद्दा किन धार्मिक मूल्यों और रीति-रिवाजों का उल्लंघन कर रहा है, जो यह बहस उभरी है कि अदालतें धार्मिक विषयों की सुनवाई और व्याख्यान करें । धार्मिक विवादों की सुनवाई किन अदालतों में होगी ? आखिर विवादों का निपटारा तो कानूनन ही करना पड़ेगा, तो कानून की सम्यक व्याख्या कौन करेगा ? मुस्लिम सांसद, नेता, मौलाना मुफ्ती ऐसे भी हैं, जिन्होंने कहा है कि हिजाब सरीखे मजहबी और इस्लामी मामलों में अदालतें हस्तक्षेप न करें । उनके लिए कुरान और पैगम्बर के फरमान अन्तिम हैं और वे उन्हीं का पालन करेंगे । सवाल यह भी है कि क्या ऐसे मामलों की सुनवाई सरिया अदालतें करेंगी ? क्या उन्हें भी संवैधानिक वैधता दी जायेगी ? बहरहाल कुरान में लिवास और हिजाब को लेकर कोई फरमान नहीं है । सिर्फ गरिमा का उल्लेख किया गया है, जो औरतों और मर्दों दोनों पर लागू होता है । ऐसा केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां सरीखे इस्लामी स्कलर समेत कई मुस्लिम विद्वानों ने कहा है । हम तो कुरान और इस्लाम के अध्येता भी नहीं हैं, लिहाजा हमारा कथन अतिक्रमण होगा अब सांसद ओवैसी या सपा सांसद शफीकुर्रहमान बर्क ने कुरान और इस्लाम की जो व्याख्याएं दी हैं, उन्हें ब्रह्म वाक्य नहीं माना जा सकता । ये किन आयतों के उद्धरण दे रहे हैं या गैर-हिजाब वाली रवायत को आवारगी करार दे रहे हैं, उन पर भी ढेरों असहमतियां हैं । कर्नाटक के सन्दर्भ में ही छात्राओं और महिलाओं का एक तबका हिजाब को कुरान का हुक्म मानता है, जबकि दूसरा तबका बुर्के, हिजाब, चादर आदि परम्परागत मजहबी परिधानों के धुर खिलाफ है । ईरान एक इस्लामी देश है और वहां

**धार्मिक विवादों की सुनवाई किन अदालतों में होगी ? आखिर विवादों का निपटारा तो कानूनन ही करना पड़ेगा, तो कानून की सम्यक व्याख्या कौन करेगा ? मुस्लिम सांसद, नेता, मौलाना मुफ्ती ऐसे भी हैं, जिन्होंने कहा है कि हिजाब सरीखे मजहबी और इस्लामी मामलों में अदालतें हस्तक्षेप न करें । उनके लिए कुरान और पैगम्बर के फरमान अन्तिम हैं और वे उन्हीं का पालन करेंगे । सवाल यह भी है कि क्या ऐसे मामलों की सुनवाई सरिया अदालतें करेंगी ? क्या उन्हें भी संवैधानिक वैधता दी जायेगी ? बहरहाल कुरान में लिवास और हिजाब को लेकर कोई फरमान नहीं है । सिर्फ गरिमा का उल्लेख किया गया है, जो औरतों और मर्दों दोनों पर लागू होता है । ऐसा केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां सरीखे इस्लामी स्कलर समेत कई मुस्लिम विद्वानों ने कहा है ।**

बुर्का या हिजाब पहनना कानूनन एक व्यवस्था है । उल्लंघन करने वाले को जेल में डालना तय है । फिर भी वहां व्यापक तौर पर हिजाब के प्रति जन विद्रोह भड़क उठा है । पुलिस की गोलीबारी में 210 से ज्यादा औरतें और अन्य लोग मारे जा चुके हैं और 2000 से अधिक आन्दोलनकारी जेलों में हैं । बहरहाल हिजाब पर कर्नाटक उच्च न्यायालय ने जिस पाबंदी को उचित माना था, उसके पक्षधर जस्टिस हेमंत गुप्ता हैं, जबकि जस्टिस सुधांशु धूलिया ने उस फैसले को रद्द करने का फैसला दिया है । दोनों न्यायाधीशों ने संविधान के अनुच्टेद 14, 19 (1) (ए), 21 और 25 के तहत अपने अपने न्यायिक विवेक की व्याख्या की है । उस पर कोई सवाल नहीं, क्योंकि अब तीन न्यायाधीशों की नई पीठ इस मामले को सुनेगी और यह तय है कि कोई निश्चित फैसला सामने आयेगा । आशंकाएं कि जेहादी, कट्टरपंथी तत्व ऐसे धार्मिक मुद्दे सुनने वाले न्यायाधीशों को ही मारने की धमकियां सकते हैं । सरकार उन्हें किसी भी स्तर की सुरक्षा मुहैया करा सकती है । सवाल है कि क न्यायाधीश ऐसी स्थिति में विवादास्पद और संवेदनशील मुद्दों की सुनवाई करेंगे ? सुनवाई अलग होने के प्रश्न पर भी विचार होना चाहिए ?

## नाइजीरिया में बाढ़ से 612 लोगों की मौत

**अबुजा ,एजेंसी** । नाइजीरियाई सरकार ने कहा कि इस साल मानसून की शुरूआत के बाद से देश में बाढ़ के कारण 612 लोगों की मौत हो गई है। वहीं 32,19,780 अन्य लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। मानवीय मामलों, आपदा प्रबंधन और सामाजिक विकास मंत्री सादिया उमर फारूक ने कहा कि देश के कुछ हिस्सों में बाढ़ के कारण 1,427,370 लोग विस्थापित हुए हैं और 2,776 अन्य घायल हुए हैं, जिसमें 181,600 घर मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं और अन्य 123,807 पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

मंत्री के अनुसार, 176,852 हेक्टेयर षि भूमि आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि 392,399 हेक्टेयर षि भूमि पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।अधिकारी ने बाढ़ से प्रभावित 21 राज्यों को राहत सामग्री के वितरण की पुष्टि की और जोर देकर कहा कि अन्य राज्यों में खाद्य और गैर-खाद्य पदार्थों का वितरण पहले से ही चल रहा है।फारूक ने कहा, विशेष टीमें जमीनी स्तर पर काम कर रही हैं, अभी भी कुछ ऐसे क्षेत्र है, जहां पहुंचना मुश्किल है। इन दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए मंत्रालय विशेष कौशल और उपकरणों के साथ सैन्य और अन्य स्टेकहल्डर्स के साथ काम कर रहा है। मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि रेस्क्यू टीम के कार्यकर्ता बाढ़ पीडिघ्तों को तत्काल देखभाल के लिए अस्पतालों में भर्ती, स्थानांतरित करने और रेफर जैसे तत्काल कार्रवाई कर रहे है। नाइजीरियाई सरकार के पहले के बयानों के अनुसार, इस साल अब तक कम से कम 31 राज्यों और अबुजा संघीय राजधानी क्षेत्र में बाढ़ ने कहर बरपाया है।

## उत्तर कोरिया परमाणु परीक्षण पर अटकलों के बीच दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान ने आयोजित की वार्ता बैठक

**सोल ,एजेंसी** । उत्तर कोरिया के परमाणु परीक्षण की संभावना को लेकर चिंताओं के बीच दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के वरिष्ठ राजनयिकों ने क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा मुद्दों पर उच्च स्तरीय वार्ता की। दक्षिण कोरिया के पहले उप विदेश मंत्री चो ह्यून-डोंग ने अपने अमेरिकी और जापानी समकक्षों वेंडी शेरमेन और ताकेओ मोरी के साथ त्रिपक्षीय सत्र आयोजित किया। इस सत्र का उद्देश्य उत्तर कोरिया के उभरते खतरों से निपटने के तरीकों पर चर्चा का था।इस हफ्ते का सत्र उन अटकलों के बीच आयोजित किया गया है, जिसमें कहा जा रहा है किकिम जोंग-उन शासन जल्द ही एक और परमाणु परीक्षण के साथ आगे बढ़ सकता है और भड़काने वाले त्यों को अंजाम दे सकता है। सोल में अधिकारियों का कहना है कि खूफिया तरीके से उत्तर कोरिया सितंबर 2017 के बाद अपने पहले परमाणु परीक्षण के लिए पूरी तरह तैयार है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन को मिला अपडेटेड कोविड-19 बूस्टर

**वाशिंगटन ,एजेंसी** । अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को एक अपडेटेड कोविड-19 बूस्टर शट मिला है। बाइडेन ने दोपहर व्हाइट हाउस के पास आइजनहावर कार्यकारी कार्यालय भवन में कहा, यह वायरस लगातार बदल रहा है, जो यहां अमेरिका और दुनिया भर में सामने आए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि, आपका पुराना टीका या आपका पिछला कोविड संक्रमण आपको अधिकतम सुरक्षा नहीं देगा।अब तक 20 मिलियन से अधिक अमेरिकियों को अपडेटेड कोविड -19 वैक्सीन मिल चुका है। जन्स हपकिन्स यूनिवर्सिटी के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका ने 97 मिलियन कोविड-19 मामलों के साथ-साथ 1 मिलियन से अधिक मौतों की सूचना दी है।

# आसान नहीं होगी ऋषि सुनक की राह, इन तीन बड़ी चुनौतियों का करना पड़ेगा सामना



**नई दिल्ली , एजेंसी**। भारतीय मूल के ऋषि सुनक ब्रिटेन के 57वें प्रधानमंत्री का कार्यभार संभाल चुके हैं। पीएम बनने के बाद उन्होंने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में खुलकर कई मसलों पर बात की। पिछले छह महीने से ब्रिटेन में राजनीतिक अस्थिरता बनी हुई थी। अब उम्मीद जताई जा रही है कि ा षि सुनक के पीएम बनने के बाद सबकुछ ठीक हो जाएगा। हालांकि विशेषज्ञों का ये भी मानना है कि ा षि की राह बहुत कठिन होने वाली है। ब्रिटेन की जनता से लेकर पश्चिमी देशों तक को ऋषि से काफी उम्मीदें हैं।

ऋषि ने सबसे पहले लिज ट्रस को देश और दुनिया की मुश्किल परिस्थितियों में उनके नेतृत्व के लिए शुक्रिया कहा। सुनक ने कहा कि सांसदों के समर्थन से वो षविनम्र और सम्मानितष महसूस कर रहे थे। ा षि ने आगे कहा, मैं वादा करता हूं कि मैं पूरी ईमानदारी और विनम्रता से सेवा करुंगा। दिन रात ब्रितानी लोगों के लिए काम करता रहूंगा।

ऋषि ने कहा, श्हमारा देश रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से आर्थिक संकट से जूझ रहा है। पहले कुछ गलतियां की गईं थीं, मैं उन्हीं गलतियों को ठीक करने के लिए चुना गया हूं। जो भी चुनौतियां आने वाली हैं, मैं पूरी निष्ठा के साथ उनसे निपटने वाला हूं। ये मेरा आप सभी से वादा है।

इसे समझने के लिए हमने विदेश मामलों के जानकार डा. आदित्य पटेल से बात की। उन्होंने कहा, श्मौजूदा समय ब्रिटेन एक साथ कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। फिर वह आंतरिक हो या वैश्विक। इन तमाम चुनौतियों का सामना ऋषि को करना पड़ेगा। इन सबके बीच उन्हें खुद की पार्टी में भी एक लंबी लड़ाई लड़नी पड़ सकती है।श आदित्य ने ा षि के सामने तीन बड़ी चुनौतियां बताईं। आर्थिक समस्याओं का करना पड़ेगा सामनारू ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था काफी खराब है। डलर के मुकाबले पाउंड की हालत लगातार खराब हो रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते भी आर्थिक संकट बरकरार है। अब ा षि को इस स्थिति का सामना करना होगा।

तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों की रहेगी नजररू ब्रिटेन में तीन साल के अंदर तीन प्रधानमंत्री बदल चुके हैं। थेरेसा मे, बोरिस जनसन और लिज ट्रस। पार्टी के अंदर इन तीनों पूर्व प्रधानमंत्रियों की पैनी नजर ा षि पर रहेगी। ा षि के हर कदम पर ये नेता सवाल खड़ा कर सकते हैं।

. विदेश नीति को मजबूत रखना : मौजूदा समय रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते काफी उथल-पुथल है। ऐसे समय ब्रिटेन की विदेश नीति को मजबूत रखना भी ा षि के सामने बड़ी चुनौती होगी। प्रधानमंत्री रहते हुए बोरिस जनसन युद्ध के बीच यूक्रेन गए थे। उन्होंने हर स्तर पर यूक्रेन को मदद देने का एलान किया था। अब देखना ये होगा कि ा षि कैसे यूक्रेन की सहायता करते हैं?

ऋषि सुनक का जन्म 12 मई 1980 को ब्रिटेन के साउथेम्प्टन में हुआ था। उनकी मां का नाम उ्रूषा सुनक और पिता का नाम यशवीर सुनक है। वह तीन भाई बहनों में सबसे बड़े हैं। उनके दादा-दादी पंजाब के रहने वाले थे। 1960 में वह अपने बच्चों के साथ पूर्वी अफ्रीका चले गए थे। बाद में यहीं से उनका परिवार इंग्लैंड शिफ्ट हो गया। तब से सुनक का पूरा परिवार इंग्लैंड में ही रहता है।

ऋषि ने भारत के बड़े उद्योगपतियों में शुमार इंफोसिस के संस्थापक नारायणमूर्ति की बेटी अक्षता मूर्ति से शादी की है। सुनक और अक्षता की दो बेटियां हैं। उनकी बेटियों के नाम अनुष्का सुनक और ष्णा सुनक है।

ऋषि सुनक की शुरुआती पढ़ाई इंग्लैंड के विनचेस्टर कलेज से हुई है। उन्होंने आगे की पढ़ाई अक्सफोर्ड से की है। 2006 में उन्होंने स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से एमबीए की डिग्री भी प्राप्त की। ा षि सुनक की अक्षता मूर्ति से मुलाकात एमबीए की पढ़ाई के दौरान स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में हुई थी। अक्षता इंफोसिस के संस्थापक एन. नारायणमूर्ति और इंफोसिस फाउंडेशन की चेयरपर्सन सुधा नारायणमूर्ति की बेटी हैं। पढ़ाई के दौरान ही दोनों एक-दूसरे को दिल दे बैठे थे। 2009 में दोनों की शादी बेंगलुरु में भारतीय रीति-रिवाज से हुई। अक्षता इंग्लैंड में अपना फैशन ब्रैंड भी चलाती हैं। आज की तारीख में वह इंग्लैंड की सबसे अमीर महिलाओं में से एक हैं। सुनक दंपती की दो बेटियां- ष्णा और अनुष्का हैं।

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से एमबीए करने के बाद ऋषि ने गोल्डमैन सेक्स में नौकरी की। ऋषि शुरू से काफी होनहार रहे हैं। 2009 में उन्होंने नौकरी छोड़ अपना व्यवसाय शुरू किया। इसके बाद उनका व्यवसाय बढ़ता ही गया। 2013 में श्कैटामारन वेंचर्स यूके लिमिटेडश में उन्हें और उनकी पत्नी को डायरेक्टर नियुक्त किया गया। 2015 में उन्होंने इस फर्म से इस्तीफा दे दिया लेकिन उनकी पत्नी इससे जुड़ी रहीं। यह कंपनी अक्षता के पिता एन. नारायण मूर्ति की है। ऋषि सुनक ने 2014 में पहली बार राजनीति में कदम रखा। 2015 में उन्होंने रिचमंड से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। 2017 में उन्होंने एक बार फिर जीत मिली। इसके बाद 13 फरवरी 2020 को उन्हें इंग्लैंड का वित्त मंत्री बनाया गया।

# ब्रिटेन के गृह मंत्री के रूप में ब्रेवरमैन की फिर से नियुक्ति पर विवाद

**लंदन ,एजेंसी** । ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भारतीय मूल की सुएला ब्रेवरमैन को फिर से गृह मंत्री के रूप में नियुक्त कर एक नए विवाद की शुरूआत कर दी है। पूर्व पीएम लिज ट्रस की आर्थिक नीति की मुखर आलोचक ब्रेवरमैन ने ईमेल सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने के बाद पिछले सप्ताह पद छोड़ दिया था। अपने इस्तीफे में, उन्होंने ट्रस सरकार के निर्देश के बारे में चिंता जताई थी।

लेबर सांसद क्रिस ब्रायंट ने ट्वीट किया, सुएला ब्रेवरमैन को सुरक्षा उल्लंघन के लिए बर्खास्त किए जाने के कुछ ही दिनों बाद गृह मंत्री के रूप में नियुक्त करना ईमानदारी, क्षमता, व्यावसायिकता या समझदार राजनीति से प्रेरित नहीं लगती। यह सिर्फ सनकी पैंतरेबाजी है। यह पीएम पिछले दो पीएम से बेहतर नहीं है।

ब्रेवरमैन के पिता गोआ मूल के और मां तमिल है, लेकिन उनका जन्म लंदन में हुआ। ब्रेवरमैन सुनक के समर्थन में यह कहते हुए सामने आई कि वह एकमात्र उम्मीदवार हैं जो सही हैं और मुझे उनका समर्थन करने पर गर्व है।

ब्रेवरमैन की नियुक्ति के कुछ देर बाद सुनक ने कहा कि वह ईमानदारी, व्यावसायिकता और जवाबदेही के साथ कंजर्वेटिव पार्टी का नेतृत्व करना चाहते हैं।

लेबर सांसद यवेटे कूपर ने सुनक पर निशाना साधते हुए कहा, इस तरह की अराजकता की जगह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि उनकी सरकार में श्हर स्तर पर ईमानदारी और जवाबदेही हो, फिर भी उन्होंने सुएला ब्रेवरमैन को सुरक्षा चूक, संवेदनशील सरकारी जानकारी भेजने के लिए इस्तीफा देने के एक हफ्ते बाद फिर से मंत्री नियुक्त किया है।

इस कदम को सुनक का समर्थन करने के रूप में देखा जा रहा है।प्रवास नियंत्रण पर उनके रुख पर भी सवाल उठाए गए थे, जिस पर उनकी ही पार्टी के लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

मानवाधिकारों पर यूरोपीय सम्मेलन से ब्रिटेन के बाहर निकलने का समर्थन करते हुए, ब्रेवरमैन का कहना है कि यह उनके देश के लिए आव्रजन समस्याओं को हल करने का एकमात्र तरीका है।अक्टूबर में कंजर्वेटिव पार्टी के एक सम्मेलन में उन्होंने कहा, मैं रवांडा के लिए उड़ान भरने वाले विमान के साथ द टेलीग्राफ का फ्रंट पेज होना पसंद करूंगी ।

## अमित शाह हरियाणा में राज्यों के गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर की अध्यक्षता करेंगे

**नई दिल्ली एजेंसी** । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 27 और 28 अक्टूबर को हरियाणा के सूरजकुंड में राज्यों के गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 अक्टूबर को वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चिंतन शिविर को संबोधित करेंगे।दो दिवसीय चिंतन शिविर में भाग लेने के लिए सभी राज्यों के गृह मंत्रियों और संघशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और प्रशासकों को आमंत्रित किया गया है। राज्यों के गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक और केंद्रीय सशस्त्र पुलिसबलों और केंद्रीय पुलिस संगठनों के महानिदेशक भी चिंतन शिविर में भाग लेंगे।दो दिन के चिंतन शिविर का उद्देश्य विजन 2047 और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वतंत्रता दिवस भाषण में घोषित पंच प्राण के कार्यान्वयन के लिए कार्य योजना तैयार करना है। गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर में साइबर अपराध प्रबंधन के लिए ईको-सिस्टम विकसित करने, पुलिस बलों के आधुनिकीकरण, आपराधिक न्याय प्रणाली में आईटीक्र के बढ़ते उपयोग, भूमि सीमा प्रबंधन और तटीय सुरक्षा एवं अन्य आंतरिक सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चिंतन किया जायेगा। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नारी शक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है और चिंतन शिविर में देश में महिलाओं की सुरक्षा और उनके लिए सुरक्षित वातावरण बनाने पर विशेष बल दिया जाएगा। शिविर का उद्देश्य उपर्युक्त क्षेत्रों में राष्ट्रीय नीति निर्माण और बेहतर योजना व समन्वय को सुगम बनाना भी है।चिंतिन शिविर में छह सत्रों में विभिन्न विषयों पर चर्चा की जायेगी। शिविर के पहले दिन होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा, आग से सुरक्षा और शत्रु संपत्ति आदि कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श होगा।

## भाजपा सरकार की अराजकता को मिलकर देंगे मुंहतोड़ जवाब : खडगे

**नयी दिल्ली ,एजेंसी** । कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने अपनी अराजकता के कारण देश के समक्ष कई चुनौतियां पेश कर दी हैं और कांग्रेस नेताओं तथा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदार राजनीतिक दल का सदस्य होने के नाते देश के लिए संकट पैदा कर रही इन चुनौतियों को मुंहतोड़ जवाब देना है।श्री खडगे ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में उन्हें अध्यक्ष निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र देने के लिए आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मोदी सरकार पर सीधा हमला किया और कहा कि सरकार की अराजक नीतियों के कारण देश एवं समाज के समक्ष संकट पैदा हो गये हैं और कांग्रेस एक जिम्मेदार संगठन होने के नाते इन सब चुनौतियों का मुंहतोड़ जवाब देगी।अध्यक्ष निर्वाचित होने पर उनके सम्मान में आयोजित इस समारोह को अपने लिए गर्व का विषय बताते हुए श्री खडगे ने कहा, मेरे लिए गर्व का विषय है कि पार्टी के एक साधारण कार्यकर्ता को यह गौरव हासिल हुआ है।

# कांग्रेस की आकांक्षा पर भारी पड़ सकती हैं आप की कोशिशें



**नई दिल्ली, एजेंसी**। गुजरात में अरविंद केजरीवाल के लिए न तो पंजाब जैसी अनुकूल स्थिति है और न ही ढाई दशकों से राज्य की सत्ता के शीर्ष पर बैठी भाजपा के लिए प्रतिकूल है। फिर भी अगर आम आदमी पार्टी (आप) गुजरात में अपनी संभावनाओं की तलाश में है तो इसका सीधा असर पिछले चुनाव में सशक्त तरीके से भाजपा का सामना करने वाली कांग्रेस पर पड़ सकता है।

2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भाजपा से लगभग सात प्रतिशत कम वोट आए थे। 182 सदस्यों वाले सदन में सीटों का अंतर भी मात्र 22 था। गुजरात में भाजपा सात बार से लगातार जीतती आ रही है। बीच के एक-दो वर्ष को छोड़ दें तो राज्य की सत्ता के लिए 1995 से ही भाजपा की मुख्य लड़ाई कांग्रेस के साथ होती रही है। पिछली बार भी दोनों राष्ट्रीय दलों के बीच कड़ा मुकाबला था। 49.1 प्रतिशत वोटों के साथ भाजपा को 99 सीटें और 41.4 प्रतिशत वोटों के साथ कांग्रेस को 77 सीटें मिली थीं। हालांकि बाद के उपचुनावों में भाजपा की सीटें बढ़ाकर 111 और कांग्रेस की घटाकर 66 ही रह गईं हैं।

इस बार दोनों के बीच तीसरे खिलाड़ी के रूप में आम आदमी पार्टी का प्रवेश हो गया है। दिल्ली और पंजाब से कांग्रेस का सफाया करने के बाद आप की कोशिश गुजरात में भी पांव पसारने की है। गोवा में भी ऐसा ही प्रयास हुआ था, मगर उसे आंशिक सफलता ही मिल सकी थी। दिल्ली-पंजाब की सफलता को कांग्रेस के संदर्भ में देखने से स्थिति स्पष्ट हो जाती है कि अभी तक आप को उन्हीं राज्यों में सफलता मिली है, जहां कांग्रेस की सरकार थी। गोवा में मुख्य मुकाबला भाजपा से होने के चलते आप को अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी थी। मात्र दो सीट और 6.77 प्रतिशत वोटों से ही केजरीवाल को संतोष करना पड़ा था।

लगभग ऐसी ही स्थिति का सामना उन्हें उत्तराखंड में भी करना पड़ा था, जहां उन्हें चार प्रतिशत वोट भी नहीं मिल पाए थे। हालांकि दोनों ही राज्यों में केजरीवाल ने कांग्रेस को ही क्षति पहुंचाकर वोट प्राप्त किया था। गुजरात की स्थिति गोवा और उत्तराखंड से थोड़ा अलग है। इसीलिए केजरीवाल को वहां से अतिरिक्त उम्मीदें भी हैं। हालात को वह बेहतर समझ रहे हैं। यही कारण है कि कांग्रेस की तुलना में भाजपा पर ज्यादा हमलावर हैं। आम आदमी पार्टी अपना मुख्य प्रतिद्वंद्वी भाजपा को बता रही है। इस प्रयास में भाजपा पर तीखे हमले किए जा रहे हैं जो अंततरू कांग्रेस के लिए नुकसान का कारण तो बन सकता है। लेकिन भाजपा को क्षति के खतरे कम और भावनात्मक रूप से फायदा की संभावना ज्यादा बनती दिख रही है।भाजपा और आप का संघर्ष प्रत्यक्ष तौर पर दिख रहा है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि कांग्रेस परिदृश्य से गायब है। माना जा रहा कि परोक्ष तौर पर कांग्रेस भी अपनी जमीन को विस्तार दे रही है। नए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रणनीति का भी इंतजार है। चुनाव की घोषणा अभी बाकी है। जैसे-जैसे माहौल में तल्खी आएगी, वैसे-वैसे हवा का रुख भी बदल सकता है।

## सरकार का बड़ा फैसला, अब प्राइवेट स्कूलों में 12वीं तक बेटियों की पढ़ाई फ्री

**जयपुर ,एजेंसी** । राजस्थान में बेटियों को अब प्राइवेट स्कूल्स में भी फ्री एजुकेशन मिलेगी और वो भी पूरी 12वीं कक्षा तक। इसके लिए राजस्थान सरकार ने राज्य में नई स्कीम लागू की है जिसका नाम है, इंदिरा शक्ति बालिका फीस पुनर्भरण योजना। सीएम अशोक गहलोत ने विधानसभा में इस योजना की जानकारी दी थी, लेकिन इसका लाभ लेने के लिए आपको एक शर्त पूरी करनी होगी। उसके बाद राजस्थान शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर अप्लाई भी करना होगा। सरकार की तरफ से इस पूरी प्रक्रिया का शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है ।अगर आप इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं तो आपको 31 दिसंबर 2022 तक अपना रजिस्ट्रेशन राजस्थान शिक्षा विभाग के पास करना होगा। आवेदन 1 नवंबर से शुरू हो जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी आपके आवेदनों का वेरिफिकेशन करेंगे। उसके बाद 28 फरवरी 2023 तक आपके अकाउंट में फीस की रकम दो किश्तों में भेज दी जाएगी।

## लंबित मामलों को निपटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा : डीएआरपीजी

**नई दिल्ली, एजेंसी** । देश की राजधानी नई दिल्ली में प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) के निर्देश के अनुरूप कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) 2 अक्टूबर, 2022 से 31 अक्टूबर, 2022 तक लंबित मामलों के निपटान के लिए विशेष अभियान (एससीडीपीएम 2.0) का आयोजन कर रहा है। इस अभियान के तहत नार्थ ब्लक स्थित डीओपीटी के कार्यालय भवनों, लोकनायक भवन और पुराने जेएनयू परिसर में भी स्वच्छता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसके अलावा डीओपीटी के अधीन सभी 16 संवैधानिकध्सांविधिकध्संबद्धध्स्वायत्त संगठनों में भी इन गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।डीओपीटी में प्रशिक्षण और प्रशासन की अपर सचिव रश्मि चौधरी विशेष अभियान 2.0 के दौरान नार्थ ब्लक कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान का नेतृत्व कर रही हैं।इस उद्देश्य के लिए 10 नोडल अधिकारी (डीएसधनिदेशक स्तर के अधिकारी) को दैनिक आधार पर संभाग-वार, संगठन-वार सूचनाओं के समन्वय के लिए नियुक्त किया गया है। ये अधिकारी की ओर से भेजी गईं सूचनाओं के आधार पर इस उद्देश्य के लिए डीएआरपीजी द्वारा तैयार किए गए विशेष अभियान 2.0 पोर्टल पर डेटा दर्ज किया जाता है। लंबित मामलों को निपटाने के लिए नोडल अधिकारियों के साथ नियमित फलोअप बैठकें की जाती हैं। इस अभियान के दौरान सांसदों से संबंधित 12 निर्देशों का निपटारा किया गया है, सभी लंबित आईएमसी निर्देशों (मंत्रिमंडल प्रस्तावों) का निपटारा किया गया है, लंबित लोक शिकायतों की संख्या को 951 से घटाकर 341 और अपीलों को 1129 से घटाकर 631 कर दिया गया है। इसके अलावा 48,300 फाइलों की समीक्षा की गई और इनमें 30,720 फाइलों को हटाया गया। इससे 3,058 वर्ग फुट क्षेत्र मुक्त हो गया है।

## हनी ट्रैप कर लिंगायत संत को खुदकुशी के लिए किया गया मजबूर, पुलिस जांच में खुलासा

**रामनगर ,एजेंसी** । कर्नाटक पुलिस सूत्रों ने बताया कि कंचुगल बंदे मठ के लिंगायत संत बसवलिंग श्री की आत्महत्या के मामले की जांच में खुलासा हुआ है कि मृतक साधु को फंसाया गया, प्रताडिघ्त किया गया और जीवन समाप्त करने के लिए मजबूर किया गया। जांच में यह भी पता चला है कि इस साजिश के पीटे एक और लिंगायत संत का हाथ है, जो स्थिति पर नजर रखे हुए है।

पुलिस ने यह भी बताया कि कुछ नेता समेत 10 से 15 लोगों की एक टीम ने योजना को अंजाम दिया। पुलिस ने कहा कि मृतक संत को निजी तस्वीरें और वीडियो के जरिए हनी ट्रैप और ब्लैकमेल किया गया।मामले की जांच कर रही कुदुर पुलिस ने पहले ही कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने बताया कि मृतक संत ने अपने सुसाइड नोट में प्रताडना और हनी ट्रैपिंग का जिक्र किया है।एसपी संतोष बाबू ने कहा है कि मामले की जांच को लेकर पुलिस पर कोई दबाव नहीं है। हालांकि, सुसाइड नोट में कुछ नाम लिखे गए हैं।

## कर्नाटक से यूपी के पीलीभीत टाइगर रिजर्व में आएंगे चार हाथी

**पीलीभीत ,एजेंसी** । कर्नाटक से उत्तर प्रदेश के पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में चार हाथी आने वाले हैं। इसको लेकर वन अधिकारी सतर्क हैं और यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि स्थानांतरण की प्रक्रिया परेशानी मुक्त रहे। हाथियों की यात्रा कर्नाटक से शुरू होगी और पीटीआर पहुंचने से पहले आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से होकर गुजरेगी।हाथियों को शिफ्ट करने के लिए एक पशु चिकित्सा अधिकारी, अनुमंडल वन अधिकारी, वन रेंज अधिकारी, वन निरीक्षक, वन रक्षक और पांच महावत समेत पीटीआर के विशेषज्ञों की एक टीम का गठन किया गया है, जिसमें दो पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं।

चार में से एक नर और एक मादा हाथी है, जिनकी उम्र 5 से 6 साल के बीच है, जबकि अन्य 2 की उम्र करीब 12 साल है।बरेली जोन के मुख्य संरक्षक ललित वर्मा ने कहा, हाथी ट्रकों के एक काफिले में लगभग 3,000 किमी की दूरी तय करेंगे। हमने ट्रांजिट परमिट प्राप्त कर लिया है और सभी संबंधित राज्यों के मुख्य वन्यजीव वार्डन और पुलिस अधिकारियों को सूचित किया है। ताकि वे अपनी ओर से सभी आवश्यक सावधानियां बरत सकें।पीटीआर में हाथी, आवारा बाघों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चलाएंगे।

पीटीआर के आधिकारिक रिकर्ड बताते हैं कि पिछले सात वर्षों में अब तक 30 से अधिक ग्रामीण बाघ हमले में मारे गए हैं।पीटीआर के पशुचिकित्सक ड दक्ष गंगवार ने बताया कि कर्नाटक के पांच महावतों की एक टीम कुछ महीनों के लिए पीटीआर में रहेगी, ताकि हाथियों को हिंदी में आदेशों का जवाब देने में मदद की जा सके।उन्होंने कहा, कर्नाटक के एक वन्यजीव पशुचिकित्सक ड विनय शिवमूर्ति भी उनकी यात्रा में शामिल होंगे। हम किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एक ट्रैंच्लिाइजर गन, सीडेटिव और मेडिकल किट भी ले जा रहे हैं।

## केंद्र सरकार ने20 दिनों में 3150 पेंशन शिकायतों का निपटारा किया

**नई दिल्ली , एजेंसी** । देश मे पेंशन और पेशनभोगी कल्याण विभाग केंद्र सरकार के पेंशनधारियोंध्पारिवारिक पेंशनधारियों की पेंशन तथा अन्य सेवा निवृत्ति लाभों से जुड़ी नीतियां बनाने वाला नोडल विभाग है ।एससीडीपीएम 2.0 अभियान के दौरान, विभाग ने 4200 लंबित पेंशन शिकायतों का निस्तारण करने का लक्ष्य तय किया था, ताकि उनका जल्द समाधान हो सके तथा 68 लाख केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिये जीवन सुगमता सुनिश्चित हो सके। 21 अक्टूबर, 2022 तक, विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियां की गईं, जैसे अभियान के 20 दिनों में 3150 पेंशन शिकायतों का निपटारा किया गया। विभाग, सम्बन्धित मंत्रालयोंध्विभागों के साथ अंतर-मंत्रालयी बैठकें कर रहा है, ताकि निर्धारित समय में सभी शिकायतों का निस्तारण कर दिया जाये। विभाग अपने महवाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में अग्रसर है। अभियान के आरंभ से ही विभाग ने यह काम शुरू कर दिया था।

# स्टॉयनिस का विस्फोटक अर्द्धशतक, ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को हराया



पर्थ ,ऑस्ट्रेलिया ने मार्कस स्टॉयनिस (59 नाबाद) के विस्फोटक अर्द्धशतक से श्रीलंका को आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 के सुपर–12 चरण में सात विकेट से मात दी।श्रीलंका ने चरिता असलंका (38 नाबाद) की जुझारू पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया को 158 रन का लक्ष्य दिया, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 16.3 ओवर में हासिल कर लिया। पहले मैच में न्यूज़ीलैंड के हाथों 89 रन की बड़ी हार के बाद इस जीत ने ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल की दौड़ में पुनर्जीवित कर दिया है।ऑस्ट्रेलिया ने लक्ष्य का पीछा करते हुए धीमी शुरुआत की। डेविड वॉर्नर (11) और मिचेल मार्श (17) थोड़े संघर्ष के बाद पवेलियन लौट गये। ग्लेन मैक्सवेल ने रनगति बढ़ाने के प्रयास में 12 गेंदों पर दो चौके और दो छक्के लगाकर 23 रन बनाये लेकिन बाउंड्री पर आशेन बंडारा के शानदार कैच के कारण उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा।श्रीलंका ने 13वें ओवर तक ऑस्ट्रेलिया की रनगति को काबू में रखा था जबकि कंगारुओं को जीत के लिये सात ओवर में 61 रन चाहिये थे। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे स्टॉयनिस ने 18 गेंदों पर चार चौकों और छह छक्कों के साथ ताबड़तोड़ 59 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को 21 गेंदें शेष रहते हुए लक्ष्य तक पहुंचा दिया। कप्तान ऐरन फिंच ने 17वें ओवर की तीसरी गेंद पर विजयी रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। फिंच ने स्टॉयनिस का साथ देते हुए 31 रन बनाये, हालांकि इसके लिये उन्होंने 42 गेंदें खेलीं।स्टॉयनिस ने 17 गेंदों पर अपना पचासा पूरा करके टी20 विश्व कप का दूसरा सबसे तेज अर्द्धशतक जड़ा, जबकि सबसे तेज अर्द्धशतक युवराज सिंह ने 2007 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ 12 गेंदों पर बनाया था। यह ऑस्ट्रेलिया के लिये टी20 अंतरराष्ट्रीय में बनाया गया सबसे तेज अर्द्धशतक भी है।इससे पूर्व, श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाज़ी करते हुए कुसल मेंडिस का विकेट छह रन पर ही गंवा दिया। सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका ने धनन्जय डी सिल्वा के साथ दूसरे विकेट के लिये 69 रन जोड़े लेकिन दोनों पारी की रफ्तार नहीं बढ़ा सके। निसंका ने 45 गेंदों पर 40 रन बनाये जबकि डी सिल्वा ने 23 गेंदों पर 26 रन का योगदान दिया। भानुका राजपक्षे, दसुन शनाका और वानिंदू हसरंगा ने जहां निराश किया, वहीं असलंका ने विकेट पर पैर जमाने के बाद तेज़ी से रन जोड़े। असलंका ने 25 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों के साथ नाबाद 38 रन बनाये, जबकि उनका साथ देते हुए चमिका करुणारत्ने ने सात गेंदों पर 14 रन का योगदान दिया। दोनों ने आखिरी दो ओवरों में 31 रन जोड़ते हुए श्रीलंका को 20 ओवर में 157/6 के स्कोर तक पहुंचाया।



## भारत और नीदरलैंड के बीच कैसा रहेगा मौसम

नई दिल्ली, सुपर–12 के दूसरे मुकाबले में टीम इंडिया, नीदरलैंड के खिलाफ उतरेगी। पाकिस्तान के खिलाफ मैच जीतकर टीम का हौसला बुलंद है लेकिन वर्ल्ड कप में हो रहे उलटफेर को देखते हुए टीम विरोधी को हल्के में लेने की भूल नहीं करेगी। दूसरी तरफ नीदरलैंड की टीम को अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था इसलिए उसे इस मैच में जीत दर्ज करनी होगी। यह मुकाबला सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा। मेलबर्न की तरह यहां भी मैच के दौरान बारिश होने को लेकर फैंस के मन में आशंका है। हालांकि खुशी की बात यह है कि ऑस्ट्रेलियाई मौसम विभाग की तरफ से 27 अक्टूबर को होने वाले इस मैच के दौरान मौसम साफ रहने की भविष्यवाणी की गई है।

### कैसा होगा सिडनी का मौसम?

मेलबर्न की तरह सिडनी में भी बारिश की संभावना है। यहां 40 प्रतिशत बारिश की उम्मीद जताई जा रही है लेकिन फैंस उम्मीद करेंगे कि मेलबर्न की तरह यहां भी बिना किसी बाधा के पूरा मैच हो। तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है जबकि आर्द्रता 51 प्रतिशत है। इसके अलावा 12 प्रतिशत बादल छाए रहने की उम्मीद है।

# सुल्तान जौहर कप : भारत ने जापान को 5—1 से मात दी



जौहर , भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने जापान को सुल्तान जौहर कप में 5–1 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत दर्ज की।

भारत की ओर से कप्तान उत्तम सिंह (तीसरा मिनट), रोहित (12वां मिनट), जॉनसन पुर्टी (21वां मिनट), बॉबी सिंह धामी (31वां मिनट) और अमनदीप लाकड़ा (51वां मिनट) ने गोल किये। जापान का एकमात्र गोल इकुमी साएकी ने 15वें मिनट में किया।

मैच देरी से शुरू होने के बाद उत्तम के गोल ने भारत को शुरुआती बढ़त दिला दी। जापान को कुछ देर बाद पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन वह भारतीय डिफेंस को नहीं भेद सका।

रोहित ने 12वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाकर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया, हालांकि पहले चर्टर के समापन से ठीक पहले साएकी ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके स्कोर को 2–1 कर दिया।

दूसरे चर्टरफाइनल में दोनों टीमों ने प्रयास किये लेकिन भारत ने जॉनसन के गोल से दो गोलों की बढ़त हासिल कर ली।

इसके बाद जापान ने कई प्रयास किये लेकिन सब असफल रहे। बॉबी और अमनदीप के गोलों ने हार के अंतर को बढ़ाने का काम किया।

अपने पहले मैच में मलेशिया को मात देने के बाद भारतीय युवा दूसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका से हार गये थे। टूर्नामेंट के चौथे मैच में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा।

## विन्स, बिलिंग्स की इंग्लैंड एक दिवसीय टीम में वापसी



लंदन , इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले महीने होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला के लिये जेम्स विन्स और सैम बिलिंग्स को स्चड में शामिल किया है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने यह जानकारी दी।

विन्स और बिलिंग्स ने जुलाई 2021 के बाद से एकदिवसीय क्रिकेट नहीं खेला है। विन्स ने अपने आखिरी एकदिवसीय मैच में पाकिस्तान के खिलाफ शतक जड़कर इंग्लैंड को जीत दिलाई थी। बिलिंग्स ने टीम से बाहर होने से पहले आठ एकदिवसीय मैचों में 56 की औसत से 448 रन बनाये थे।ईसीबी ने बताया कि खराब फॉर्म के कारण टी20 टीम से बाहर होने वाले जेसन रॉय को भी ऑस्ट्रेलियाई एकदिवसीय श्रृंखला में मौका दिया गया है।

ल्यूक वुड को उनकी पहली एकदिवसीय श्रृंखला के लिये स्चड में शामिल किया गया है, जबकि डेविड मलान ने घरेलू वनडे सीरीज से बाहर रहने के बाद एक बार फिर टीम में जगह बनाई है।यह सीरीज विश्व कप सुपर लीग का हिस्सा नहीं है, हालांकि यह अगले साल भारत में होने वाले विश्व कप से पहले इंग्लैंड को खिलाड़ियों को परखने का मौका देगी।सीरीज का पहला मैच एडिलेड में 17 नवंबर को खेला जाएगा, जबकि अन्य दो मुकाबले क्रमशः 19 नवंबर (सिडनी) और 22 नवंबर (मेलबर्न) में खेले जाएंगे।

## आशीष के गोल से दिल्ली यूनाइटेड जीती

नयी दिल्ली ,दिल्ली यूनाइटेड एफसी ने यहां नेहरू स्टेडियम पर खेले गये फुटबाल दिल्ली सीनियर डिवीजन लीग मुकाबले में यूनाइटेड भारत एफसी को 1–0 से हराकर पूरे अंक अर्जित किए। दिल्ली की जीत का आकर्षण मिड फील्ड के खिलाड़ी आशीष मिंज का शानदार गोल रहा। मिंज ने बाएं छोर से तेज रफ्तार से दो रक्षकों को छकाया और बेहतरीन लेफ्टफुटर से विजयी गोल किया। यूनाइटेड भारत ने भरसक प्रयास किया लेकिन लक्ष्य विहीन खेल के चलते दिल्ली के गोल तक नहीं पहुंच सके।विजेता टीम ने पहला मैच खेलकर दो अंक जुटाए, जबकि यूनाइटेड भारत दो मैचों में एक ड्रॉ और एक हार से एक अंक जुटा पाई है।दिल्ली फुटबॉल सीनियर लीग में बुधवार को खेले जाने वाले मैचों में अहबाब को दिल्ली टाइगर्स का जबकि गढ़वाल डायमंड को नेशनल यूनाइटेड का सामना करना है।

## पांड्या ने नॉन—स्ट्राइकर को रनआउट करने का समर्थन किया



सिडनी , भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने 'खेल भावना' से जुड़ी बहस को किनारे करते हुए कहा कि अगर वह भी गेंद फेंके जाने से पहले क्रीज़ से बाहर निकलते हैं तो उन्हें भी रनआउट किया जाना चाहिये।भारत और इंग्लैंड के बीच खेली गई महिला एकदिवसीय सीरीज के बाद से नॉन–स्ट्राइकर को रनआउट करने की बहस ने ज़ोर कर लिया है। तीसरे एकदिवसीय मैच में जब इंग्लैंड 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 153/9 के स्कोर पर खेल रही थी, तब भारतीय हरफनमौला दीप्ति शर्मा ने इंग्लैंड की बल्लेबाज़ चार्ली डीन को नॉन–स्ट्राइकर छोर पर रनआउट कर दिया था। इस रनआउट के कारण इंग्लैंड 16 रन से मैच हार गई थी।हार्दिक ने आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट पर कहा, हमें इसका बतंगड़ बनाना बंद करना होगा। यह एक नियम है। मैं खेल भावना की परवाह नहीं करता। अगर आप चाहते हैं तो यह नियम हटा दें।उन्होंने कहा, मुझे व्यक्तिगत रूप से इससे कोई परेशानी नहीं है। अगर मैं क्रीज़ से बाहर निकलता हूं तो और कोई मुझे रनआउट कर दे तो यह गलत नहीं होगा। यह मेरी गलती होगी, न की गेंदबाज़ की। सीधी सी बात है, वह अपने हित में नियमों का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह कोई बड़ी बात नहीं है।उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के नियम तय करने वाली संस्था मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने मार्च 2022 में नॉन–स्ट्राइकर को रनआउट आउट करने वाले नियम को अनुचित खेल से हटाकर रनआउट की श्रेणी में डाल दिया था।भारत के अनुभवी ऑफ–स्पिनर रविचंद्रन अश्विन भी लंबे समय से नॉन–स्ट्राइकर को क्रीज़ छोडने़ पर रनआउट करने के समर्थक रहे हैं। उन्होंने 2019 में पंजाब किंग्स की ओर से खेलते हुए इंडियन प्रीमियर लीग के एक मैच के दौरान राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज जॉस बटलर को इसी तरह आउट किया था।

# फिल्मी गपशप

# लकड़बग्घा से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी असुर स्टार रिद्धि डोगरा




लोकप्रिय अभिनेत्री रिद्धि डोगरा, जो टेलीविजन और स्ट्रीमिंग सीरीज असुर में अपने काम के लिए जानी जाती हैं, आगामी फिल्म लकड़बग्घा से बॉलीवुड में कदम रखने के लिए तैयार हैं। कहानी एक साधारण लडके़ के बारे में है जो एक असाधारण मिशन पर है झ्र अवैध पशु व्यापार उद्योग के खिलाफ लडने़ के लिए। फिल्म के टीजर पोस्टर का हाल ही में अनावरण किया गया। परियोजना के बारे में बात करते हुए, रिद्धि ने एक बयान में कहा, यह फिल्म कई स्तरों पर विशेष है। हर रोज आप ऐसी फिल्म नहीं देखते हैं जिसमें मसाला के साथ कंटेंट का अच्छा मिश्रण हो। जानवरों की दुर्दशा और उनका कल्याण। इसने मुझे तुरंत इसे अपने बॉलीवुड डेब्यू के रूप में करने को मजबूर किया। दूसरी चीज थी एक्शन और जो किरदार मुझे निभाने को मिला। विक्टर मुखर्जी द्वारा निर्देशित फिल्म में अंशुमान झा भी हैं, जिन्होंने कहानी में अपने हिस्से के लिए क्राव–मागा में छह महीने तक प्रशिक्षण लिया। परियोजना के लिए अंशुमन के जुनून की सराहना करते हुए, रिद्धि ने आगे उल्लेख किया, मैं निश्चित रूप से वेब पर निभाए गए पात्रों से कुछ अलग करना चाहती थी। पहली फिल्म के लिए और इस फिल्म और इसमें मेरे हिस्से ने मुझे वह अनुभव दिया। मैंने हमेशा टीम के आधार पर मेरी परियोजनाओं को चुना है। फिल्म का नेतृत्व करने वाले अंशुमान, त्साही शेमेश (एवेंजर्स टीम के प्रशिक्षक–फाल्कन और द विंटर सोल्जर) के तहत प्रशिक्षण के लिए न्यूयॉर्क भी गए थे।

## शरवरी वाघ ने बेबी पिंक लहंगे में दिए मिलियन डॉलर पोज, अदाओं पर मर मिटे फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस शरवरी वाघ हमेशा अपने स्टनिंग और हॉट अवतार के कारण लाइमलाइट में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस हमेशा उनकी तस्वीरों पर अपना दिल हार जाते हैं। एक्ट्रेस शरवरी वाघ नेशनल क्रश विक्की कौशल के छोटे भाई सनी कौशल के साथ अपनी रिलेशनशिप की खबरों को लेकर लाइमलाइट में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस शरवरी वाघ आए दिन अपने हॉट लुक्स से सोशल मीडिया पर कहर बरपाती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस लुक्स में फोटोशूट करवाया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस शरवरी वाघ ने बेहद ही खूबसूरत लहंगा पहना हुआ है। कानों में इयरिंग्स, ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है।

## फिल्म भेडि़या का ट्रेलर रिलीज, इच्छाधारी भेडि़या बने वरुण धवन



स्त्री की सफलता के बाद दिनेश विजान एक और चिर–परिचित हॉरर कॉमेडी लेकर तैयार हैं। उनकी फिल्म भेडि़या लंबे समय से चर्चा में है। बीते दिनों ऋतिक रोशन की फिल्म विक्रम वेधा के साथ फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था। टीजर दर्शकों में एक सिहरन पैदा करने में कामयाब रहा था। अब फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर लोगों को डराने के साथ ही हंसाने वाला है। भेडि़या 25 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।


इस फिल्म में वरुण धवन और कृति सैनन मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म में अभिषेक बनर्जी और दीपक डोबरियाल भी दिखाई देंगे। अभिषेक दिनेश की स्त्री में भी कुछ इसी अंदाज में नजर आए थे। ट्रेलर में दिखाया गया है वरुण के किरदार को एक भेडि़या काट लेता है। इसके बाद उनके शरीर में कुछ अजीबोगरीब बदलाव होते हैं। इन्हीं बदलावों को लेकर फिल्म में सस्पेंस और हास्य का दिलचस्प मेल बनाया गया है।

रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की शूटिंग अरुणाचल प्रदेश और आसपास के जंगलों में रियल लोकेशंस पर हुई है। ट्रेलर में फिल्म के विजुअल इफेक्ट्स की झलकियां भी दिख रही हैं। इस फिल्म के व्यूजवल इफेक्ट्स पर एमपीसी (मूविंग पिक्चर कंपनी) ने काम किया है। इसी कंपनी ने 1917, द जंगल बुक, द लायन किंग, हैरी पॉटर और जस्टिस लीग जैसी फिल्मों के व्यूजवल इफेक्ट्स पर काम किया है। फिल्म का निर्माण जियो स्टूडियोज और मैडॉक फिल्म्स ने मिलकर किया है।

दिनेश विजान की स्त्री 2018 में रिलीज हुई थी। फिल्म में श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी और विजय राज ने लोगों को हंसाते–हंसाते खूब डराया था। इस साल मई में कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 को बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता मिली। बॉलीवुड में फिल्म निर्माता इस जॉनर की फिल्मों में खूब प्रयोग कर रहे हैं।

नवंबर में ही रिलीज हो रही कैटरीना कैफ की फिल्म फोन भूत भी एक हॉरर कॉमेडी है। नवंबर में कई ऐसी फिल्में आ रही हैं जिसके ट्रेलर ने दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। हाल ही में जाह्नवी कपूर की फिल्म मिली का ट्रेलर जारी हुआ है। यह फिल्म 4 नवंबर को रिलीज होगी।

# जॉन अब्राहम की तारा वर्सेज बिलाल की आगे बढ़ी रिलीज डेट, 28 अक्टूबर को आएगी फिल्म



अभिनेता जॉन अब्राहम ने अपने प्रोडक्शन बैनर जेए एंटरटेनमेंट के तले फिल्म तारा वर्सेज बिलाल का निर्माण किया है। फिल्म के निर्माण में भूषण कुमार की टी–सीरीज ने भी योगदान दिया है। फिल्म 14 अक्टूबर को सिनेमाघरों में आने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज टल गई है। अब फिल्म नई तारीख को 28 अक्टूबर को रूपहले पर्दे पर आएगी। इस फिल्म का निर्देशन फिल्ममेकर समर इकबाल ने किया है।

जॉन की प्रोडक्शन कंपनी जेए एंटरटेनमेंट ने ट्विटर पर फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान किया है। इस प्रोडक्शन कंपनी ने फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए अपने पोस्ट में लिखा, थोड़े प्यार और ढेर सारे नोंक–झोक से भरी है इनकी कहानी। हम आपको पेश करते हैं, तारा और बिलाल की असाधारण जोड़ी से। तारा वर्सेज बिलाल का ट्रेलर कल जारी होगा। फिल्म 28 अक्टूबर को सिनेमाघरों में आएगी। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जो सच्ची घटना को केंद्र में रखकर बनाई गई है। इस फिल्म की शूटिंग पिछले साल लंदन में शुरू हुई थी। फिल्म में दो लोगों की कहानी दिखाई जाएगी, जो एक–दूसरे से विपरीत सोच रखते हैं। फिल्म में अभिनेता हर्षवर्धन राणे और सोनिया राठी मुख्य भूमिकाओं में हैं। जहां हर्षवर्धन बिलाल की भूमिका निभाएंगे, वहीं सोनिया को तारा के किरदार में पर्दे पर देखा जाएगा। इस फिल्म के जरिए अभिनेत्री सोनिया बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। वेब सीरीज ब्रोकन बट ब्यूटीफुल 3 से उन्हें काफी शोहरत मिली। उनका जन्म हरियाणा के हिसार में हुआ है। एक प्रोडक्शन डिजाइनर के रूप में भी उन्हें पहचान मिली हुई है। सोनिया ने हैलो मिनी, मिशन ओवर मार और मेड इन हेवन जैसी वेब सीरीज में भी अपना जलवा दिखाया है। इस अभिनेत्री को डांसिंग और सिंगिंग का भी शौक है।अभिनेता के अलावा एक प्रोड्यूसर के रूप में भी जॉन अपनी पहचान बना रहे हैं। उन्होंने अपने प्रोडक्शन में अब तक विक्की डोनर, मद्रास कैफे, बाटला हाउस और परमाणुः द स्टोरी ऑफ पोखरण जैसी फिल्मों निर्माण किया है।

## ब्रालेट में नेहा मलिक ने फ्लॉन्ट किया कर्वी फिगर, पूल किनारे दिए सिजलिंग पोज



भोजपुरी इंडस्ट्री से अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस नेहा मलिक आज किसी पहचान की मोहताज नहीं रह गई हैं. उन्होंने बहुत कम समय में एक्टिंग वर्ल्ड और दर्शकों के बीच एक खास पहचान हासिल कर ली है. हालांकि इन दिनों वह अपनी अदाओं से सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं. ऐसे में नेहा की फैन फॉलोइंग तेजी से बढ़ती जा रही है. लोग उनके बारे में हर बात जानने के लिए बेताब रहते हैं. अपने प्रोजेक्ट्स के अलावा नेहा अपने लुक्स की वजह से भी काफी सुर्खियों में रहती हैं. वह अपने चाहने वालों के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. लगभग हर दिन फैंस को उनका बोल्ड लुक देखने को मिल जाता है. अब उन्होंने फिर से अपने लेटेस्ट फोटोशूट की झलक फैंस को दिखाई है. इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में नेहा को पिंक कलर की ब्रालेट और लोअर पहने देखा जा सकता है. इस दौरान वह अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं. इस लुक को नेहा ने लाइट मेकअप और ओपन हेयर के साथ कंप्लीट किया है. यहां वह पूल किनारे बेबाकी के साथ अपने इस लुक को दिखा कर रही हैं. इस लुक में नेहा इतनी बोल्ड लग रही हैं कि उन पर से लोगों के लिए नजरें हटाना मुश्किल हो गया है. फैंस भी उनके इस लुक को हॉट बताते हुए कई कमेंट्स कर रहे हैं. वहीं, फैंस के बीच उनका यह लुक कुछ ही देर में तेजी से वायरल होने लगा है.

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com